दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak





## गौरी नारायणी नमोस्तुते...



*जयपुर। चैत्र नवरात्र के शुभारंभ पर आमेर स्थित शिलामाता मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे।* **फोटो: पंकज शर्मा**

## गज पूजन से नव संवत्सर का किया स्वागत...



*जयपुर। नवसंवत्सर 2081 कालयुक्त के शुभारंभ पर मंगलवार को आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में महंत अंजनकुमार गोस्वामी ने सुबह गज पूजन किया। इसके बाद संत-महंतों की मौजूदगी में ठाकुरजी को नवसंवत का पंचांग सुनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु नवसंवत्सर के पहले दिन ठाकुरजी को धोक लगाने पहुंचे।*

**फोटो: राजेश कुमावत**

## जरूरी खबर

### नहीं दिखा चांद... देशभर में कल मनाई जाएगी ईद



**नई दिल्ली।** भारत में मंगलवार को ईद का चांद दिखाई नहीं दिया है। इससे यह साफ हो गया है कि भारत में ईल-उल-फितर का त्योहार अब बुधवार को नहीं बल्कि गुरुवार को मनाया जाएगा। दिल्ली जामा मस्जिद और फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम ने मंगलवार ईद के चांद नजर न आने का ऐलान किया है। ऐसे में देश में बुधवार को ईद का चांद नजर आ जाएगा। इसके अगले दिन गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। ईद को लेकर खास बात है कि इसकी तारीख हिजरी कैलेंडर के कारण साल-दर-साल बदलती रहती है। यह कैलेंडर चंद्रमा पर आधारित होता है। इसमें दिनों की गिनती चांद की घटती-बढ़ती चाल के अनुसार की जाती है।

### CEC राजीव कुमार को मिली Z श्रेणी की सुरक्षा



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की सुरक्षा को बढ़ाने का फैसला लिया है। गृह मंत्रालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त को Z श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। दरअसल हाल ही में IB की थ्रेट परसेप्शन रिपोर्ट आई थी जिसके बाद ही गृह मंत्रालय ने ये फैसला लिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त को Z श्रेणी की सुरक्षा दी है। Z+ के बाद सबसे सुरक्षित सिक्योरिटी में Z सुरक्षा का नाम आता है। ये Z+ से थोड़ी अलग है। इसमें संबंधित व्यक्ति के आसपास 6 से 6 NSG कमांडो और पुलिस कर्मियों समेत 22 जवान तैनात रहते हैं। ये सुरक्षा दिल्ली पुलिस, आईटीबीपी या सीआरपीएफ के जवानों द्वारा दी जाती है। भारत में बाबा रामदेव समेत कई अभिनेताओं और नेताओं के पास है।

## स्काईमेट वेदर की भविष्यवाणी: किसानों को होगा फायदा

# राजस्थान समेत 23 राज्यों में होगी अच्छी बारिश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में भीषण गर्मी की शुरुआत के बीच मानसून को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई हैं। निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर ने इस साल देश में जून से सितंबर तक सामान्य या औसत मानसून रहने की भविष्यवाणी की है।

राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में पर्याप्त वर्षा होने की संभावना जताई है, जबकि बिहार और पश्चिम बंगाल में जुलाई और अगस्त में बारिश की कमी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम एजेंसी की मानें तो मानसूनी गतिविधियों में खलल डालने वाला अल नीनो प्रभाव अब तेजी से ला नीना में बदल रहा है। इसके चलते मानसून सर्कुलेशन में मजबूती आएगी। एजेंसी ने भारत के दक्षिण, पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की है।



### इन राज्यों में होगी झमाझम बरसात

राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, लक्षद्वीप में बहुत अच्छी बारिश का अनुमान है। हालांकि असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम में जून और जुलाई के दौरान सामान्य से कम बारिश की संभावना हैं। इसके बाद सामान्य बारिश के आसार हैं। इसी तरह जुलाई और अगस्त में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में कम बारिश संभव है, जबकि इस अवधि के बाद सामान्य बारिश का अनुमान है।

### अल नीनो तेजी से बदल रहा ला नीना में

**स्काईमेट के एमडी जतिन सिंह ने कहा कि अल नीनो तेजी से ला नीना में बदल रहा है। इससे ला नीना के दौरान मानसून सर्कुलेशन मजबूत हुआ है। इसके अलावा, सुपर अल नीनो से मजबूत ला नीना में परिवर्तन से ऐतिहासिक तौर पर अच्छी मानसूनी परिस्थितियां बनी हैं। हालांकि, मानसून सीजन अल नीनो के बाकी असर से कुछ जोखिमों के साथ शुरू हो सकता है। सीजन के दूसरे फेज में शुरुआती फेज की तुलना में मानसून तेजी से आगे बढ़ेगा।**

### किसानों के लिए खुशी लाया पूर्वानुमान

कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि इस साल अच्छी बारिश होने का अनुमान किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। क्योंकि पिछले साल अल-नीनो के चलते सामान्य से बहुत कम बारिश हुई थी। इसके चलते देश के कई हिस्सों में किसानों को सूखे का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग को उम्मीद है कि चार महीने की अवधि के दौरान मानसूनी बारिश औसत 868.6 मिमी का 102 फीसदी होगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह पूर्वानुमान उन किसानों के लिए ज्यादा खुशी लेकर आया है, जो सिंचाई के लिए इस बारिश पर बहुत अधिक निर्भर हैं। देश में सिंचाई सुविधा का भी अभाव है। अभी भी चावल, मक्का, गन्ना, कपास और सोयाबीन जैसी फसलों की खेती करने वाले अधिकांश किसान सिंचाई के लिए मानसून की बारिश पर निर्भर रहते हैं। सामान्य मानसून रहने पर कृषि उत्पादकता में सुधार होगा। साथ ही समय पर सिंचाई होने से फसलों की पैदावार भी बढ़ेगी। इससे कृषि क्षेत्र में समग्र आर्थिक विकास हो सकता है।

### प्रदेश में आज फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, बारिश-ओलावृष्टि का अलर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के मौसम में बुधवार से फिर बदलाव आएगा। मौसम विभाग केंद्र जयपुर के मुताबिक, नया वेदर सिस्टम से राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी जिलों में मौसम बदल सकता है। इस सिस्टम का असर कोटा, उदयपुर, भरतपुर संभाग के जिलों में देखने को मिलेगा। बुधवार को प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में बारिश-ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। इस सिस्टम का असर 12 अप्रैल तक रहेगा और इसका असर राजस्थान के 80 फीसदी हिस्से में देखने को मिलेगा। (पेज 3 भी देखें)

## पूर्ववर्ती सरकार पर जमकर साधा निशाना

# ACB के पूर्व डीजी बीएल सोनी भाजपा में शामिल



**बेधड़क** | जयपुर

एसीबी के पूर्व डीजी भगवान लाल सोनी (बीएल सोनी) मंगलवार को बीजेपी में शामिल हो गए। प्रदेश बीजेपी मुख्यालय में जॉइनिंग कमेटी के चेयरमैन अरुण चतुर्वेदी और चुनाव प्रबंधन समिति के चेयरमैन नारायण पंचारिया ने उनको बीजेपी की सदस्यता दिलाई।

बीजेपी में शामिल होने के बाद बीएल सोनी ने कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। कांग्रेस सरकार में संदिग्ध लोगों को भर्ती का जिम्मा दिया। सोनी ने कहा कि पिछली सरकार में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने निजी और राजनीतिक स्वार्थ के चलते युवाओं के हितों के साथ कुठाराघात किया। पूरे पांच साल सरकार में संस्थागत भ्रष्टाचार हुआ। सोनी ने कहा कि हर विभाग में कैंसर की तरह मध्यस्थ हो गए थे। कोई अधिकारी, कर्मचारी या आम व्यक्ति उच्चतम स्तर पर समस्या बताना चाहता तो उसकी सीधी मुलाकात नहीं हो सकती थी। उसे मध्यस्थ के जरिए ही मुलाकात करनी पड़ती थी। कई जगह तो मध्यस्थ कैबिनेट रैंक से भी ऊपर हो गए थे, जिन लोगों को भर्ती का जिम्मा दिया वे संदिग्ध आचरण के लोग थे।

### 600 से ज्यादा केस ऐसे जिनमें सरकार से नहीं मिली अनुमति

**एसीबी के पूर्व डीजी बीएल सोनी ने प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुझे करीब पौने तीन साल एसीबी में काम करने का मौका मिला। मेरे कार्यकाल में एसीबी ने सबसे ज्यादा कार्रवाई करने का रिकॉर्ड बनाया, लेकिन करीब 600 से ज्यादा प्रकरण ऐसे भी थे, जिसमें कार्रवाई से पहले हमने सरकार से अनुमति मांगी थी, लेकिन हमें अनुमति नहीं मिली। वहीं अगर हम किसी बड़े अधिकारी को पकड़ भी लेते थे, तो सरकार से हमें अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलती थी। जब हमने भ्रष्टाचारियों पर ज्यादा कार्रवाई करनी शुरू की तो हमारे संसाधन कम कर दिए गए। हमें सरकार से पूरा लीगल सपोर्ट भी नहीं मिला। एसीबी के पूर्व डीजी सोनी ने मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि पेपर लीक के मामले में अब गठित एसआईटी अच्छा काम कर रही है। अब कितने भी रसूखदार लोग हो, मुझे लगता है कि अब वे बच नहीं सकते हैं।**

## लोकसभा चुनाव प्रचार

# पार्टी प्रत्याशी के लिए सीएम ने निकाला 6 किमी लंबा रोड शो

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर शहर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के समर्थन में मंगलवार को राजधानी जयपुर के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया। शर्मा ने दोपहर बाद यह रोड शो किया। इस दौरान मंजू शर्मा सहित शहर के विधायक, शहर भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। मुख्यमंत्री का रोड शो मानसरोवर से शुरू हुआ। इस दौरान उनके साथ खुली जीप में मंजू शर्मा, सांसद रामचरण बोहरा, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी मौजूद रहे वहीं अन्य वाहनों में महापौर सौम्या गुर्जर, उपमहापौर पुनीत कर्नावट, मंडल अध्यक्ष अशोक रावतानी, प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज, मीडिया समन्वयक मुकेश भारद्वाज सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। रोड शो रवाना होने के साथ ही आमजन में मुख्यमंत्री सहित भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के स्वागत की होड़ मच गई। छह किमी लंबे रोड के दौरान विभिन्न व्यापार मंडलों, भाजपा कार्यकर्ताओं, नागरिकों और विभिन्न समाजों की ओर से रोड शो का स्वागत किया गया। इस दौरान कई स्थानों पर लोगों ने जेसीबी पर बैठकर फूलों की बारिश की। रोड शो के साथ पैदल चल रही महिलाओं ने सिर पर केसरिया साफा पहना हुआ था। इसके कारण मानसरोवर से लेकर सांगानेर तक रोड शो के दौरान पूरा इलाका भगवामय नजर आया। इससे पूर्व मंजू शर्मा ने मंगलवार सुबह भांकरोटा मंडल में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम एवं जनसभाओं को संबोधित किया।



### अब डबल इंजन की सरकार... विकास को मिलेगी गति

भाजपा प्रत्याशी मंजू ने कहा करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जयपुर का विकास अवरूद्ध कर दिया है। अब राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार से विकास की गति दुगुनी होगी। उन्होंने कहा कि जयपुर के बाहरी इलाकों को पेयजल की आपूर्ति कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी, उनका ध्येय रहेगा कि जयपुर के युवाओं को यहीं पर रोजगार के संसाधन मुहैया हो जाए और परकोटा क्षेत्र से किसी प्रकार का पलायन ना हो। इसके अलावा जिस तेजी से जयपुर शहर का फैलाव हो रहा है उसी तेजी से नई विकसित कॉलोनियों में भी सुविधाएं उपलबध हो सके, इस दिशा में कार्य किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### सीएम भजनलाल आज दौसा में करेंगे जनसभा



**दौसा।** मुख्यमंत्री भजन लाल बुधवार को दौसा में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय के रूट चार्ट के अनुसार सीएम सुबह 10 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और 10:10 बजे हेलीकॉप्टर से दौसा के लिए रवाना होंगे। इसके बाद वे सुबह 10:45 बजे दौसा के सिकराय में स्थित बहरावंडा में बने अस्थाई हेलीपैड पर पहुंचेंगे। इसके बाद 11 बजे कार द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 11:15 बजे भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल से हेलीपैड पर पहुंचेंगे, जहां से हेलीकॉप्टर द्वारा जमवारामगढ़ के लिए रवाना हो जाएंगे।

### आज जयशंकर, 14 को अमित शाह आएंगे बीकानेर

**जयपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 14 अप्रैल को बीकानेर दौर पर आएंगे। शाह का पहले बीकानेर दौरा था, लेकिन वह स्थगित हो गया था। अब दोबारा उनका यह दौरा तय हुआ है। अमित शाह के दौरे की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं और तैयारी में जुट गए हैं। इससे पहले बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर बीकानेर आएंगे और प्रबुद्धजनों के साथ संवाद करेंगे। वे यहां पत्रकार वार्ता को भी संबोधित करेंगे। उधर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी 11 अप्रैल को अनूपगढ़ के दौरे पर रहेंगे।

### मोदी सरकार ने महिलाओं को किया मजबूत: जोशी



**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और चित्तौडगढ़ लोकसभा प्रत्याशी सीपी जोशी ने मंगलवार को बेगूं विधानसभा में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जोशी ने नंदवाई में मोदी टी स्टाल पर चाय पीते हुए कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी चर्चा की। जोशी ने कहा कि मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करते करते हुए नारी को सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सनातन का अपमान किया, राम मंदिर का विरोध किया, देश को जातिवाद, आतंकवाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद दिया। सनातन का अपमान करने वालों को जनता सबक सिखाएगी।

## मिशन 25 को लेकर कवायद: ग्राउंड लेवल तक पकड़ मजबूत करने का मास्टर प्लान किया तैयार

# राजस्थान में BJP आज से चलाएगी 'परिवार पर्ची' अभियान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में लोकसभा चुनाव परवान पर है। सभी प्रत्याशी अपने-अपने मतदाताओं को लुभाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी इसमें कहां पीछे रहने वाले हैं। इस बीच भाजपा सभी वोटरों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए 'परिवार पर्ची' अभियान चलाने की तैयारी कर रही है। बीजेपी राजस्थान में मिशन 25 को लेकर चल रही है। इस मिशन को पूरा करने के लिए जहां एक और केंद्रीय नेता एक के बाद एक जनसभा और रोड शो के जरिए चुनाव को धार दे रहे हैं। वहीं दूसरी और प्रदेश संगठन में भी ग्राउंड लेवल तक पकड़ मजबूत करने का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी में संगठन की ओर से बुधवार से 'परिवार पर्ची' महाअभियान शुरू होने जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक लोकसभा सीट पर पीएम मोदी के संदेश के साथ 'परिवार पर्ची' पहुंच जाएगी। इसके बाद 14 से लेकर 16 अप्रैल तक पार्टी के कार्यकर्ता घर घर में पर्ची लेकर जाएंगे।




### घरों पर लगा रहे 'मैं हूं मोदी का परिवार' स्टीकर

प्रदेश की 12 सीटों पर पहले चरण के मतदान में अब महज एक सप्ताह का समय शेष है। ऐसे में अब बीजेपी 'परिवार पर्ची' महाभियान के जरिए घर-घर पहुंचने जा रही है। इसमें पहले चरण की 12 सीटों पर यह अभियान चलाया जाएगा। चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया का कहना है कि पार्टी की तरफ से बड़ी जनसभाओं के कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं। जिनमें प्रदेश और राष्ट्रीय नेता शामिल हो रहे हैं। पार्टी की ओर से बूथ से लेकर ऊपर तक के सभी कार्यकर्ता मिलकर 6 अप्रैल से भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस से अलग अलग कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इसमें नरेंद्र भाई मोदी और कमल का स्टिकर घर घर चिपकाया जा रहा है। इस स्टिकर मे 'मैं हूं मोदी का परिवार' लिखा होगा।

### ऐसे चलेगा परिवार पर्ची' महाअभियान

भाजपा की ओर से परिवार पर्ची अभियान शुरू होगा। पहले दस अप्रैल तक 'परिवार पर्ची' हर लोकसभा क्षेत्र में पहुंचाई जाएगी। इसके बाद 14 से 16 अप्रैल 3 दिनों के भीतर बूथ स्तर से हर घर में पहुंचेगी। पंचारिया ने बताया कि 'परिवार पर्ची' के साथ दो हैंडबिल भी वितरित होंगे। इसमें राजस्थान और केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी होगी। इस पर्ची को लेकर भाजपा कार्यकर्ता परिवार स्तर तक जाएंगे और पार्टी को वोट देने का आग्रह करेंगे।

### भाजपा का चुनाव प्रचार

इधर, भाजपा लोकसभा चुनाव में सभी सीटें अपने पाले में करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रही है। पार्टी की ओर से लगातार जनसभा और रोड शो के जरिए अपने अपने पक्ष में माहौल बनाया जा रहा है। केंद्रीय व प्रदेश स्तर के नेताओं की लोकसभा सीटों में ड्यूटी लगाई गई। सभी गतिविधियों पर पार्टी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

## बाड़मेर में सोनड़ी गांव स्थित भगवान जम्भेश्वर मंदिर में लगाई धोक

# कांग्रेस ने देश और प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ाया: सीएम

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चुनाव प्रचार के तहत दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन बाड़मेर के सोनड़ी सेड़वा गांव पहुंचे। उन्होंने यहां विष्णुधाम सोनड़ी में भगवान जम्भेश्वर मंदिर में थोक लगाई। इस अवसर पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार पीएम मोदी की गारंटी सरकार है।

मंच से स्थानीय विधायक और मंत्री के. के. विश्नोई को लेकर सीएम ने कहा कि मंत्री के स्टार लगाना चाहते हो या नहीं, एक-एक वोट मोदी और कमल के फूल को पड़ने चाहिए। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने लूट और झूठ का काम किया है। देश और प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ाने का काम किया है। भ्रष्टाचार के चलते ही कांग्रेस ने युवाओं की सपनों चकनाचूर कर दिया।

सीएम ने कहा कि हम जनता के बीच में रहते है, जनता की सुनते है। उन्होंने कहा कि हमारे और जनता के बीच में कोई नहीं है। हमारा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि आपके बीच में है, आप उससे डिमांड करेंगे तो हम आपकी डिमांड को भी पूरा करेंगे। यह मैं आपको विश्वास दिलाता हूं।




### दुनिया में भारत का डंका बजा

सीएम ने कहा कि के.के. विश्नोई ने कहा कि विश्नोई समाज दो मन वाला नहीं है। इस समाज का मन बनता है तो और समाज भी उत्थान के कार्य के लिए लग जाते हैं। आप अग्रणी बनकर देश और समाज की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने का चुनाव है। देश के पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के बाद गरीब कल्याण से लेकर देश की सीमाओं को सुरक्षित करने का काम किया है। दुनिया में भारत का डंका बजाने का काम किया है। शर्मा ने कहा कि हम सब मिलकर इस प्रदेश और देश को आगे बढ़ाने में योगदान दें। मैं आपसे एक वादा करना चाहता हूं कि राजस्थान में सरकार बने साढ़े तीन माह हुए है, हमने जो आपसे वादे किए उन एक-एक वादें को पूरा करेंगे।

### मैं कल नहीं आया... इसमें मेरी गलती नहीं

सीएम भजनलाल शर्मा ने मंच से सामने बैठे लोगों से माफी मांगते हुए कहा कि मुझे कल सोनड़ी आना था। लेकिन इसमें मेरी गलती नहीं है। क्योंकि जम्भेश्वर भगवान जी को मुझे आज ही बुलाना था। कल मेरे साथ मंत्री के.के. विश्नोई थे। जैसलमेर से बाड़मेर के लिए रवाना हुआ थोड़ी दूर हेलिकॉप्टर चला और पायलट ने बोला कि इसमें कुछ तकनीकी गड़बड़ी है। तब मैंने कहा कि इसमें गड़बड़ी नहीं है जम्भेश्वर भगवान मुझे कल बुलाना चाह रहे हैं। बड़ी संख्या में आप लोग आए हैं और मुझे आपके दर्शनों का लाभ मिला। इससे मैं बहुत ही अभिभूत हूं। सीएम ने कहा कि विश्नोई समाज का देश के सनातन पर बहुत बड़ा प्रभाव है। समाज ने हमेशा उन 29 नियमों का पालन किया है और जम्भेश्वर भगवान के बताए मार्ग पर आप चल रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि सनातन को मजबूत करने में समाज का बहुत बड़ा योगदान है। समाज हमेशा 29 नियमों की पालना करने के साथ हमेशा जन कल्याण में आगे रहता है। आपको भगवान का आशीर्वाद है, क्यों कि भगवान द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करते है। विश्नोई समाज हमारा अग्रणी समाज है।

## सतरंगी सप्ताह का आगाज

# मतदाता की मनुहार जारी... अभी से करें मतदान की तैयारी



**बेधड़क** | जयपुर

आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार से सतरंगी सप्ताह का आगाज किया जाएगा। इसमें प्रतिदिन विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उधर चुनाव आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड का वितरण भी किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर पूर्व एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुमन पंवार के निर्देशन में मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं की जागरूकता के लिए स्कूली छात्राओं ने गुरुनानकपुरा, परनामी मंदिर मार्ग, गोविंद मार्ग एवं राजापार्क मेन मार्केट में रैली निकालकर क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद पंवार ने राजस्थान कॉलेज स्थिति ईवीएम स्ट्रॉग रूम में ईवीएम कमिश्निंग के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान पंवार ने कार्मिकों को इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। वहीं, हवामहल विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सरिता शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में घर-घर दस्तक देकर 1 लाख 46 हजार 947 वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं 38 हजार 366 वोटर गाइड का वितरण किया जा चुका है। साथ ही मतदाताओं को वीएचए, केवाईसी, सी-विजिल एवं सक्षम एप की जानकारी दी गई।

## होम वोटिंग के तहत मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

# 5वें दिन 95% से ज्यादा मतदान

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव-2024 के तहत होम वोटिंग के पांचवें दिन मंगलवार को जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 95.56 फीसदी एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट में 95.63 फीसदी 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि होम वोटिंग के पांचवें दिन जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 135 में से 129 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 6 मतदाता अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए।

जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में पांचवें दिन होम वोटिंग के लिए पंजीकृत कुल 458 में से 438 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दो मतदाता निधन होने के कारण एवं 18 मतदाता अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए।

जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 110 में से 105, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 146 में से 142, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 181 में से 170, बानसूर विधानसभा क्षेत्र में 21 में से सभी 21 मतदाताओं ने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वहीं, दौसा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित बस्सी लोकसभा क्षेत्र में 62 में से 58 एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 130 में 125 मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ लिया।

वहीं, सीकर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 125 में से 118 होम वोटिंग के लिए पंजीकृत मतदाताओं ने अपने घर से ही मताधिकार करने की सुविधा का लाभ उठाया।

## चुनाव पर्यवेक्षकों ने व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

# संवेदनशील मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर जिले में निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को जिले के संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

सामान्य पर्यवेक्षक कामिनी चौहान रतन एवं पुलिस पर्यवेक्षक नवनीत सिकेरा ने हवामहल विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चुनाव पर्यवेक्षकों ने मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान केन्द्रों पर सभी प्रकार की आवश्यक इंतजाम दुरुस्त रखने के दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान हवामहल विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सरिता शर्मा ने केन्द्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों को क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्रों की स्थिति एवं आवश्यक इंतजामों की जानकारी प्रदान की। इस दौरान पर्यवेक्षक संवदेनशीन मतदान केन्द्रों पर जिला निर्वाचन कार्यालय की टीम द्वारा किए गए इंतजामों एवं व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। केन्द्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों के निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## कांग्रेस नेता पायलट ने साधा निशाना

# भाजपा के वादों और गारंटी में कोई दम नहीं, 10 साल सिर्फ भाषण दिए

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने डीग जिले के खोह में चुनावी सभा की। उन्होंने भरतपुर से कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव के समर्थन में सभा को संबोधित किया। इस दौरान कहा कि भाजपा ने 10 साल में सिर्फ भाषण दिए, छापे डाले और नेताओं को जेल में डाला।

जनता 10 साल का रिपोर्ट कार्ड देखकर समझ गई है कि उनके वादों में और गारंटी में कोई दम नहीं है। 2024 का चुनाव बदलाव का चुनाव है। पायलट ने कहा कि जब भाजपा बैकफुट पर होती है तो धर्म, जाति और मजहब की बात करती है।

पायलट ने कहा कि भाजपा सवाल पूछने वाले को देशद्रोही कहती है। भरतपुर हवा पलटना जानता है। देश अब बदलाव चाहता है। इस मौके पर भरतपुर-डीग जिलों के कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद थे। मंच से सचिन पायलट ने कहा कि 400 से ज्यादा सीटें लाकर कभी कांग्रेस ने नहीं कहा कि वह देश को भाजपा मुक्त बनाना चाहते हैं। लेकिन भाजपा ऐसा नारा लगा रही है, इसलिए अब बदलाव जरूरी है।



### चुने हुए मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला

पायलट ने कहा कि निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को जेल में बंद किया जा रहा है। विपक्ष में बात करने वाले के पास इनकम टैक्स, सीबीआई को भेज दो, यह कहां की राजनीति है। विपक्ष की आवाज दबाना स्वच्छ परंपरा नहीं है। इसलिए यह जरूरी नहीं है कि संजना सांसद बनें। देश में बदलाव करने के लिए हमारा गठबंधन हुआ है। इंडिया एलायंस के तमाम नेता साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेपी के पास महंगाई, बेरोजगारी के लिए कोई उपाय नहीं है। उनके पास धर्म के अलावा और किसी मुद्दे पर भाषण देने का मुद्दा नहीं है।

### एजेंसियों के दुरुपयोग के बावजूद पिछड़ रहे

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि विपक्ष की आवाज को कुचला जा रहा है। कांग्रेस के खाते सीज किए गए। चुनावी बांड के माध्यम से हजारों करोड़ रुपए भाजपा ने लिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह इलेक्टोरल बांड गैरकानूनी है। उनकी जांच नहीं हो रही। विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। 2024 का चुनाव बदलाव का चुनाव है। एजेंसियों के दुरुपयोग, तमाम संसाधनों के बावजूद भाजपा के उम्मीदवार पिछड़ रहे हैं। कांग्रेस के उम्मीदवार अच्छे बहुमत के साथ चुनाव जीतेंगे। जनता 10 साल का रिपोर्ट कार्ड देखकर समझ गई है कि भाजपा के वादों और गारंटी में कोई दम नहीं है। जुमले सुन-सुन के लोग थक चुके हैं, लोग बदलाव चाहते हैं।

### भाजपा करती है धर्म समुदाय की बात

एक सवाल के जवाब में पायलट ने कहा कि हमारे घोषणा पत्र में धर्म-समुदाय की कोई बात नहीं है। जब भाजपा बैकफुट पर होती है और उनसे दस साल की परफॉर्मेंस का सवाल किया जाता है तो वो धर्म, समुदाय और मजहब की बात करते हैं। भाजपा ने दस साल में कोई वादा पूरा नहीं किया, सिर्फ भाषण दिए, वादे किए, छापे डाले, लोगों को जेल में डाला है, न काला धन आया न अन्य वादे पूरे किए।

### अग्निवीर योजना सही नहीं

पायलट ने कहा कि अग्निवीर गलत योजना है। हमारा वादा है कि हम आए तो पुरानी व्यवस्था शुरू करेंगे, युवाओं को फौज में सेवा करने का पूरा मौका मिलना चाहिए। चार साल के लिए फौज में भर्ती करने की अग्निवीर योजना सही नहीं है। सचिन पायलट ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। जहां-जहां बीजेपी कांग्रेस के बीच मुकाबला है वहां वहां कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी।

## द्वितीया देवी ब्रह्मचारिणी



**माता** ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र में सुशोभित हैं, उनके दाहिने हाथ में जप माला और बाएं हाथ में कमण्डल है। देवी का स्वरूप अत्यंत तेज और ज्योतिर्मय है। साथ ही देवी प्रेम स्वरूप भी हैं।

**माता ब्रह्मचारिणी का प्रिय पुष्प :** सेवंती/ गुलदाउदी।

**माता ब्रह्मचारिणी के लिए नैवेद्य,** शक्कर, मिश्री।

**चैत्र नवरात्र:** दर्शनों के लिए देवी मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# शुभ मुहूर्त में घर-घर घट स्थापना

## भक्तिभाव से माता रानी की पूजा-अर्चना

**बेधड़क** | जयपुर

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मंगलवार को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्र शुरू हुए। पूजा की चौकी पर मातारानी को विराजमान कर भक्तिभाव से पूजन किया। आमेर के शिला माता मंदिर में दोपहर 12:05 बजे घट स्थापना हुई। इस दौरान मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की कतार लग गई। दोपहर एक बजे मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मातारानी के दर्शन किए। भक्तों ने नारियल, बताशे, लाल चूनरी अर्पित की। आमेर रोड कनक घाटी स्थित ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी के अधीनस्थ मंदिर श्री देवी मनसा माता में चैत्र नवरात्र में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में नक्षत्र पूजा, चंडी पाठ, श्रृंगार, भोग, आरती और पुष्पांजलि के कार्यक्रम हुए। मनसा माता का मोर पंखों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने खिड़की से मातारानी के दर्शन किए। मंदिर के प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया कि नवरात्र की अष्टमी को संधि पूजन में मातारानी को 108 नील कमल अर्पित किए जाएंगे और 108 दीपकों से महाआरती की जाएगी।



### वेद माता गायत्री मंदिर में आराधना

भांकरोटा स्थित श्री वेद माता गायत्री मंदिर में घट स्थापना के बाद हवन किया गया। विजय शंकर पांडेय ने बताया कि श्री साईं बाबा के पास श्री रामलला मंदिर में नवान्हपारायण पाठ प्रांरभ हुए। मंदिर श्री गीता गायत्री में पं. राजकुमार चतुर्वेदी ने घट स्थापना कर माता गीता गायत्री का दिव्य पंचामृत और औषधी से अभिषेक किया। नूतन नवीन पचरंगी पोशाक धारण कराकर नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। घंटे-घड़ियाल बजाकर महाआरती की गई। इस मौके पर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। आमेर के मनसा माता मंदिर, घाटगेट श्मशान स्थित काली माता, दुर्गापुरा स्थित दुर्गा माता, राजापार्क स्थित वैष्णो देवी, सूरजपोल स्थित रुद्र घंटेश्वरी सहित अन्य देवी मंदिरों में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्र का शुभारंभ हुआ।



### ठाकुरजी को पंचांग अर्पित

**नव** संवत्सर का नया पंचांग ठाकुरजी को पढ़कर सुनाने के बाद उन्हें अर्पित किया गया। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में चैत्र नवरात्र विक्रम संवत 2081 के शुभ अवसर पर नवीन पंचांग का पूजन किया गया। इस अवसर पर ठाकुर श्री राधा गोविंददेवजी का सुबह अभिषेक किया गया। नवीन लाल रंग लप्पा जामा पोशाक धारण करवाकर विशेष अलंकार से श्रृंगार किया गया।

शिला माता के दर्शन को उमड़े भक्त





### राज्यपाल ने की राज राजेश्वरी की पूजा

राज्यपाल कलराज मिश्र ने नव संवत्सर 2081, चैत्र नवरात्र के आरंभ होने पर मंगलवार को राजभवन स्थित राजराजेश्वर मंदिर में मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां की आरती भी की और सबके मंगल की कामना की। देवी आराधना के दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली, सुख, समृद्धि और संपन्नता की कामना की।

### ज्वाला माता के दरबार में गूंजे जयकारे

**जोबनेर** कस्बे में पहाड़ी पर बने ज्वाला माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन दर्शन करने श्रद्धालु उमड़े। सुबह से ही माता के भक्तों ने माता के दरबार में हाजिरी दी और अपनी मनोकामना पूरी होने का आशीर्वाद लिया। त्रिकोणाकार पर्वत की गोद में स्थित ज्वाला माता कामना प्रद सिद्ध पीठ के रूप में प्रसिद्ध है। मंदिर में अखंड दीप ज्योति प्रज्वलित रहती है। माता के दरबार में हर रोज मंगल आरती और संध्या आरती गोधूलि बेला के साथ शंख ध्वनि व नौबत बाजा बजाया जाता है। ज्वाला माता का मंदिर संवत 1296 में बनाया गया था। सन् 1600 के आसपास जगमाल पुत्र खंगार ज्वाला माता के परम भक्त थे।



### जरूरी खबर

## विपुल देव नए क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी नियुक्त



**जयपुर।** विदेश मंत्रालय ने जयपुर में विपुल देव को नया क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी (आरपीओ) नियुक्त किया है। देव भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 2014 बैच के ऑफिसर हैं। सीकर के रहने वाले विपुल देव इससे पहले विदेश मंत्रालय में कार्यरत थे। देव न्यूयॉर्क (अमेरिका), इस्लामाबाद और अर्जेंटीना में भारतीय दूतावासों में भी तैनात रह चुके हैं। देव आयोजन स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, जयपुर से ग्रेजुएट हैं। वहीं, तत्कालीन पासपोर्ट ऑफिसर आईएफएस नीतू एम.भगोतिया ब्रिसबेन (ऑस्ट्रेलिया) में भारत की नई काउंसिल जनरल होंगी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए** एक साल बाद बैठक

## NOC कमेटी के सामने आए 11 प्रकरण

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए एनओसी जारी करने वाली कमेटी की करीब एक साल बाद मंगलवार को बैठक हुई। इसमें 11 प्रकरण रखे गए। जल्द ही इन प्रकरणों में अब कमेटी फाइनल निर्णय करके एनओसी ऑनलाइन संबंधित हॉस्पिटल को जारी करेगी।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजीव बगरहट्टा ने बताया कि कमेटी में 11 प्रकरण रखे गए, जिनमें से 10 पर चर्चा की गई। इन प्रकरणों पर करीब 2 से ढाई घंटे चर्चा करने के बाद हम अपनी रिपोर्ट तैयार करके संबंधित हॉस्पिटल, मरीज और परिजन को एनओसी जारी करेंगे। गौरतलब है कि एक अप्रैल को एसीबी ने रिश्वत लेकर ऑर्गन ट्रांसप्लांट की एनओसी देने के मामले में एसएमएस हॉस्पिटल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी के अलावा प्राइवेट हॉस्पिटल फोर्टिस और ईएचसीसी के एक-एक अधिकारी को पकड़ा था। इसके बाद एसएमएस अस्पताल प्रशासन ने सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह को सस्पेंड कर दिया था। वहीं, मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट ने इस मामले में दोनों प्राइवेट हॉस्पिटल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट करने के लाइसेंस को रद्द कर दिया।




**विद्युत नगर सोमेश्वर पार्क में** गणगौर उत्सव मनाया

## महिलाओं ने मेहंदी लगाई, गणगौर पूजी

**बेधड़क** | जयपुर

विद्युत नगर-ए स्थित सोमेश्वर पार्क में महिलाओं द्वारा गणगौर उत्सव आयोजित किया गया। इसमें पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने पारंपरिक मेहंदी लगाई और नृत्य के साथ-साथ गणगौर पूजन और कई सांस्कृतिक आयोजन किए। सभी ने घेवर, ठंडाई और अन्य पकवानों का आनंद लिया।

इस समारोह ने नई पीढ़ी को सभी त्योहारों के प्रति जागरूक किया और सामूहिक रूप से इन त्योहारों को मनाने का संदेश दिया। गणगौर के इस पावन अवसर पर स्थानीय महिलाओं ने अपनी परंपरागत सामाजिक संरचना को मजबूत करने का प्रयास किया। इस महिलाओं द्वारा आयोजित उत्सव ने समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया।

सोमेश्वर पार्क महिला समूह अध्यक्ष सुनीता अग्रवा सदस्य मधु कर्णावत, मेघा चौधरी, मंजू चौधरी, सोना संचेती, पूनम अग्रवाल, उर्मिला वधावन,र श्मि महरवाल, मंजू सोढ़ानी, मणि गर्ग, संतोष अग्रवाल, सनेहल सारदा, अनुपमा सिंह, जयश्री मित्तल, हिमांशी केसवानी, आशा अग्रवाल, सुनीता जैन, चेतना शर्मा, कांता जैन, पूजा सैनी सहित सभी सदस्यों ने सहयोग दिया।



**मौसम का मिजाज**

# प्रदेश में कई जगह आज से बारिश-ओलावृष्टि का अलर्ट, तापमान भी गिरेगा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में बुधवार से मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिलेंगे। मौसम विभाग ने प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में बारिश-ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ जगहों पर तेज हवा भी चलने की संभावना है। मौसम केंद्र जयपुर ने अगले तीन दिन 30 जिलों में बारिश की संभावना जताई है।

तीनों दिन येलो अलर्ट है। इस दौरान कई जिलों में आंधी चलने के साथ ओलावृष्टि हो सकती है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार हवा के चलने और एक नया वेदर सिस्टम आने से राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी जिलों में देर शाम से मौसम बदल सकता है। कोटा, उदयपुर, भरतपुर संभाग के जिलों में इस सिस्टम का असर देखने को मिलेगा। 10 अप्रैल से राजस्थान के इन हिस्सों में आंधी-बारिश हो सकती है। इससे राजस्थान के कई शहरों में कल से एक बार फिर तापमान गिरेगा। इस सिस्टम का असर 12 अप्रैल तक रहेगा और इसका असर राजस्थान के 80 फीसदी हिस्से में देखने को मिलेगा।




### पश्चिमी राजस्थान में छाए हल्के बादल

प्रदेश में बुधवार को जैसलमेर, बाड़मेर के अलावा धौलपुर, भरतपुर, अलवर, झुंझुनूं के एरिया में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर से जारी फोरकास्ट के मुताबिक टोंक, भीलवाड़ा, बूंदी, सवाई माधोपुर, चित्तौड़गढ़, बारां, झालावाड़ और कोटा में इस सिस्टम का असर रहेगा। इन जिलों में आसमान में बादल छा सकते हैं और देर शाम कहीं-कहीं आंधी चल सकती है। इसी प्रकार 10 अप्रैल को जयपुर, भरतपुर, कोटा और अजमेर संभाग के सभी जिलों में बारिश की संभावना है। इस सिस्टम से जयपुर, दौसा, अलवर, सीकर, झुंझुनूं, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, अजमेर, टोंक, भीलवाड़ा, नागौर में बादल छाने और गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना है।

### इन स्थानों पर ओले गिरने की आशंका

11 अप्रैल को ये सिस्टम और ज्यादा स्ट्रांग होगा। इस सिस्टम का असर जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर संभाग के साथ उदयपुर संभाग के भी जिलों में इफेक्ट होगा। उदयपुर संभाग के उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, सिरोही, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में भी बारिश और ओले गिरने की आशंका है। 12 अप्रैल को इस सिस्टम का असर जोधपुर और बीकानेर के संभाग में भी देखने को मिलेगा। इन दोनों संभाग के बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, पाली के एरिया में तेज धूलभरी हवाएं चलने के साथ बादल छाने और ओले गिरने की आशंका है।

## जरूरी खबर

### कलश यात्रा के साथ 51 कुंडीय महायज्ञ शुरू



**चाकसू।** कस्बे के बाग वाली ढाणी तामड़िया गांव में मंगलवार को नौ दिवसीय 51 कुंडात्मक श्रीरुद्र महायज्ञ व एक कुंडीय श्रीपीतांबर महायज्ञ एवं संत सम्मेलन का आयोजन शुरू हुआ, जो 17 अप्रैल को भंडारा प्रसादी के साथ सम्पन्न होगा। प्रथम दिन गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। तामड़िया गांव के ठाकुरजी मंदिर से कलश यात्रा रवाना होकर यज्ञस्थल पहुंची। संत योगेशनाथ महाराज ने बताया कि विश्व कल्याण एवं प्रकृति प्रकोप निवारण के लिए महायज्ञ किया जा रहा हैं।

### युवक की हत्या, घर में मिला लहूलुहान शव

**अजमेर।** युवक की कुल्हाड़ी से वार हत्या करने का मामला सामने आया है। उसका लहूलुहान शव घर में मिला। युवक के भाई ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या करने का मामला दर्ज करवाया है। सदर थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि नसीराबाद के पास एक गांव में राजगढ़ निवासी भैरू (40) पुत्र रामधन माली का शव मिला। मृतक के भाई शंकर ने एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट देकर कुल्हाड़ी से हत्या का शक जताया है। बता दें कि मृतक के खिलाफ विवाहिता से छेड़छाड़ के मामले में करीब दस दिन पहले ही नसीराबाद सदर थाने में मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस इस मामले की भी जांच कर रही है।

### सामूहिक आराधना में गूंजे पद्मप्रभु के जयकारे



**चाकसू।** राजस्थान जैन युवा महासभा के तत्वावधान में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को युवा महासभा के जयपुर ग्रामीण जोन ने अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा में सामूहिक अभिषेक व जिनेन्द्र देव दर्शन कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर मंदिर परिसर भगवान पद्मप्रभू के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप जैन, महामंत्री विनोद कोटखावदा, महावीर सुरेन्द्र जैन सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे। बुधवार को सांगानेर जोन द्वारा सुबह 8 बजे पिंजरापोल गोशाला में जीव दया एवं निशुल्क परिंडा वितरण किया जाएगा।

---

**अलसुबह दर्शन के लिए सोमवार रात को ही पहुंच गए थे लाखों श्रद्धालु, माता को धोक लगाकर मांगी मनौतियां**

# नवसंवत्सर के पहले दिन कैला मैया के दर्शन को उमड़े भक्त

**बेधड़क | करौली**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध आस्था धाम कैला देवी मंदिर में नव संवत्सर के पहले दिन श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर खुशहाली की मनौती मांगी।

मंगलवार को नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण लाखों श्रद्धालु माता के दरबार में सोमवार रात को ही पहुंच गए थे। सुबह कालीसिल में स्नान कर तड़के ही माता के दरबार में धोक लगाने पहुंच गए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कैला माता को मां लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। हिंदू नव वर्ष के पहले दिन माता के दर्शन करने से वर्ष भर खुशहाली रहती है। इसी आस्था के चलते नवरात्रि में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। नवरात्रि के पहले दिन आस्था धाम कैला देवी का प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ नजर आया। श्रद्धालु लांगुरिया गीत और भजन पर नृत्य करते हुए दिखाई दिए। गौरतलब है कि अभी कैला माता का चैत्र मेला भी चल रहा है। इसमें राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा सहित कई राज्यों से श्रद्धालुओं यहां पहुंच रहे हैं। लाखों श्रद्धालु अब तक माता के दर्शन को आ चुके हैं। वहीं पैदल पदयात्राओं के भी पहुंचने का सिलसिला चल रहा है। इनमें श्रद्धालु भजनों पर झूमते-नाचते हुए माता के दरबार में पहुंच रहे हैं।

### नवरात्र के पहले दिन पहुंचे करीब 3 लाख भक्त

मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी विवेक द्विवेदी और संतोष मामा ने बताया कि पहले नवरात्र पर तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। शाम तक करीब 3 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन करने की संभावना है। मंदिर ट्रस्ट की तरफ से श्रद्धालुओं को गर्मी में कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए पानी की भी व्यवस्था की गई है। वहीं, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे और पुलिस की पुख्ता व्यवस्था की गई है। नवरात्र के दौरान माता के दरबार में 9 दिन तक विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे।



### घटस्थापना के साथ हुई विशेष पूजा-अर्चना

चैत्र नवरात्र के अवसर पर घटस्थापना मंदिर के ट्रस्टी, पूर्व विधायक महारानी रोहिणी देवी, युवराज सहित अन्य राज परिवार के सदस्यों ने माता कैला देवी की विशेष पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही मंदिर परिसर मे भी 9 दिवसीय नवरात्रि के अनुष्ठान प्रारंभ हो गए। मान्यता है कि नवरात्रि के 9 दिन तक माता का न तो स्नान कराया जाएगा न मंदिर की धुलाई की जाएगी। माता ने नवरात्रों में ही दानव और दैत्यों का विनाश किया था। ऐसे में 9 दिन के अनुष्ठान के बाद ही माता का स्नान कराया जाएगा। इसके बाद नई पोशाक धारण कराई जाएगी।

---

**दौसा में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में बोले सचिन पायलट**

# पहले के टारगेट पूरे नहीं, अब नए-नए टारगेट ला रही भाजपा

**बेधड़क | दौसा**

लोकसभा चुनाव को लेकर दौसा में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के नेताओं ने दमदार तरीके से दौसा में एंट्री की है। 7 अप्रैल को दौसा के लालसोट में यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया था।

वहीं ठीक 2 दिन बाद मंगलवार को दौसा के गाजीपुर में कांग्रेस के स्टार प्रचारक सचिन पायलट कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। भाजपा द्वारा 400 पार के नारे पर कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है, लेकिन उनका टारगेट देश से गरीबी मिटाने, युवाओं को रोजगार देने, महिलाओं-माताओं को सुरक्षित रखने का होना चाहिए।

भाजपा के पहले के 10 साल के टारगेट तो पूरे हुए नहीं हैं। लेकिन भाजपा नए-नए टारगेट ला रही है। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर लोगों को धर्म के नाम पर बांटने का आरोप लगाया। इस दौरान पायलट हेलीकॉप्टर से दोपहर 12:57 बजे दौसा के गाजीपुर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने का आह्वान किया। इस दौरान पायलट ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कहा कि लोकतंत्र में वोट मांगने का अधिकार सभी को है। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए दावा किया कि भाजपा से ज्यादा सीट राजस्थान में कांग्रेस के खाते में आएंगी। इस मौके पर दौसा लोकसभा प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा सहित करौली-धौलपुर प्रत्याशी भजनलाल जाटव भी मंच पर मौजूद रहे।



### केंद्रीय एजेंसियों का हो रहा दुरुपयोग

सचिन पायलट ने कहा कि उनकी बात में कहीं कोई दम नहीं है। देश में सुरक्षा एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर निर्वाचित मुख्यमंत्री को जेल में डाला जा रहा है। भाजपा विपक्ष के लोगों को हिरासत में ले रही है। अपनी वादों को रखने से लोगों को वंचित रखा जाएगा, तो जनता इसे बर्दास्त नहीं करेगी। मुझे लगता है कि केंद्र सरकार में अहंकार और घमंड बढ़ गया है। इसे दूर करने का एक ही तरीका जनता है। इसे अब देश भी समझ रहा है।

### भीड़ नियंत्रण के लिए करनी पड़ी मशक्कत

जनसभा के दौरान सचिन पायलट की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी पड़ी। आस-पास क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाएं और पुरुष जनसभा में सचिन पायलट को सुनने के लिए पहुंचे। इसके चलते भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### हम देश को जोड़ने की बात कर रहे

पायलट ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हम गरीब परिवार को लाख रुपए देना चाहते हैं, एमएसपी लागू कराना चाहते हैं, 30 लाख नौकरी देना चाहते हैं, नरेगा का पेमेंट 400 रुपए करना चाहते हैं। इसमें देश कहां टूट रहा है। हम तो देश को जोड़ने की बात करते हैं। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। पैदल चलकर लोगों को गले लगाते हैं, लोगों के दुख-दर्द बांटते हैं। लोगों को धर्म और मजहब के नाम पर, मंदिर और मस्जिद के नाम पर भाजपा लोगों को लड़ाती है।

---

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

# 'जो हिंदू पीएम मोदी को वोट नहीं देता वो देशद्रोही': चौधरी

**बेधड़क | झुंझुनू**



भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी ने विवादित भाषण दिया है, जिसका कुछ अंश अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह भाषण उन्होंने 4 अप्रैल को उदयपुरवाटी में चुनावी जनसंपर्क के दौरान पांच बत्ती मुख्य बाजार में सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास हुई सभा में भाषण के दौरान दिया था।

भाषण के दौरान उन्होंने कहा था कि 'जो हिंदू है और धार्मिक है फिर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव में वोट डालता है। कमल के फूल के अलावा किसी और का बटन दबाता है तो वह देशद्रोही है और देश का गुनहगार है'। भाजपा प्रत्याशी के भाषण का यह अंश अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। भाषण में चौधरी ने कहा कि अगर, दबाना है तो कमल के फूल के निशान वाला बटन दबाओ, यह चुनाव उदयपुरवाटी और देश की आन-बान का चुनाव है। देश के निर्माण का चुनाव है।

धारा 370 हटाने, तीन तलाक कानून हटाने का चुनाव है। कश्मीरी पंडितों को वहां दोबारा बसाने का चुनाव है, यह चुनाव सनातन को जिंदा करने, राम-राम करने, राम मंदिर बनाने, काशी कॉरिडोर बनाने का चुनाव है। यह चुनाव एक्सप्रेस-वे और हाईवे बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि पहले हम अखबारों में पढ़ते थे कि लाखों करोड़ का घोटाला हो गया, अब ऐसा नहीं होता।

उन्होंने कहा कि यह जाति, धर्म का चुनाव नहीं है। चौधरी के बयान पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सुंडा ने कहा कि भाजपा नेता मदहोश हो चुके हैं। अनर्गल बयानबाजी कर चुनाव आयोग के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। शर्मनाक बात है, पूरी दुनिया में हमारे लोकतंत्र की चर्चा होती है। बाबा साहब अंबेडकर ने आम नागरिक को स्वतंत्र होकर वोट देने का अधिकार दिया है। कोई भी किसी भी व्यक्ति या पार्टी को वोट दे सकता है।

---

**रोडवेज बस से कर रहा था तस्करी, आरोपी गिरफ्तार**

# नशीली दवा की खेप पकड़ी

**बेधड़क | खेतड़ी**

पुलिस ने राजस्थान रोडवेज बस में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवा की शीशी बरामद हुई है।

थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिंघाना से खेतड़ी जा रही रोडवेज बस में एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान सिंघाना से खेतड़ी की तरफ आने वाली राजस्थान रोडवेज बस को रोककर तलाशी ली गई, तो बस के सबसे पीछे वाली सीट पर एक युवक के पास दो बैग मिले, जिसमें0 प्लास्टिक की शीशी में प्रतिबंधित नशीली दवा भरी हुई थी। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपी महेंद्र मीणा (20) को थाने में लाकर उसके पास मिली प्रतिबंधित नशीली दवा के बिल, लाइसेंस, डाक्टर की पर्ची आदि के बारे में पूछताछ की गई, तो आरोपी ने कोई संतोषपूर्वक जवाब नहीं दिया। इसके बाद पुलिस ने जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी को मौके पर बुलाया और युवक के पास मिली नशीली दवा की तस्दीक करवाई गई, तो यह प्रतिबंधित नशीली दवा निकली। पुलिस ने युवक को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



---

**युवा मोर्चा व महिला कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी**

# भाजपा की बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा

**बेधड़क | चाकसू**

दौसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा की जीत के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन कैलाश शर्मा की अध्यक्षता में युवा मोर्चा देहात व मातृशक्ति की अलग-अलग बैठक का आयोजन किया गया। इसमें प्रत्याशी मीणा की जीत के लिए युवाओं व महिलाओं को रणनीति बताकर जिम्मेदारियां सौंपी गई।

नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी ने बताया कि चाकसू भाजपा चुनाव कार्यालय पर लोकसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा देहात मंडल युवा मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें में पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश शर्मा, चाकसू भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष किशन धाभाई, सीताराम गोरा सहित कई पदाधिकारियों ने विचार प्रकट करते हुए जीत की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में युवा कार्यकर्ताओं ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। भाजपा के युवा नेता अभिषेक गौतम ने बताया कि चाकसू विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालय पर लोकसभा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा को अधिक से अधिक वोटो से जीताने के लिए मातृशक्ति के साथ चर्चा की। इस दौरान अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने का आह्वान किया।



### कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में गांवों का दौरा

चाकसू के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व पार्षद नारायण लाल सांवरिया मंगलवार को विधानसभा चाकसू के ग्राम कादेड़ा, बीची, डाबिच, डाबीच गुजरान, श्रीरामजीपुरा, फतेह रामपुर, भांकरोटा, अजनोटा, सेदारिया, चांदमकाला, भानपुर, झराणा, खेड़ा माधोराजपुरा आदि गांवों में दौसा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा के लिए जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के लिए प्रचार किया और भारी मतों से जीताने की आह्वान किया। साथ ही बूथों पर ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को लाने व मतदान कराने के लिए कमेटियों बनाकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर पूर्व पार्षद सांवरिया के साथ कांग्रेस नेता हरलाल गुर्जर, गोपाल सैनी, गिर्राज शर्मा छांदेल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**अपराध का खातमा करने की पहल**

# नए कंट्रोल रूम बनाए, बदमाशों पर रख रहे कड़ी नजर

**बेधड़क | जोधपुर**

संभाग मुख्यालय पर रेंज आईजी द्वारा मॉनिटरिंग तो सभी जगह पर की जाती है, लेकिन सघन मॉनिटरिंग करने की शुरूआत जोधपुर आईजी विकास कुमार द्वारा की गई है। इसके लिए बाकायदा दो-दो कंट्रोल रूम बनाए गए हैं, जिनके मार्फत रेंज में होने वाली घटनाओं व अपराध की जांच सहित अन्य प्रक्रिया पर नजर रखी जाती है।

इतना ही नहीं आई साइक्लोनर नाम के कंट्रोल रूम के मार्फत उनकी टीम रेंज के बड़े मामलों की पड़ताल करती है। बीते 2 माह में इस टीम ने जोधपुर रेंज में 3 बड़े प्रकरण में सफलता भी हासिल की है। आईजी बताते हैं कि टीमों का गठन मौजूदा मानव संसाधन से ही किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण आई ऑफ साइक्लोनर है। जिसका विश्लेषण कार्रवाई का आधार बनता है।

इन टीमों के गठन का अधार एप्टिट्यूट, एटिट्यट और ट्रेनिंग रखा गया। इससे ही कर्मियों का चयन किया गया और उन्हें प्रशिक्षित भी किया गया। इन टीमों के सहयोग से 23 साल से फरार चल रहे एक कुख्यात व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से सैंकड़ों जिंदा कारतूस मिले, सोलर पावर प्लांट पर डकैती करने वाले गिरोह को भी पकड़ा। हमारी टीमों में इस तरह से संतुलन बनाया गया कि सूचनाएं लीक नहीं हों।




### मोबाइल नंबर जारी, गुप्त रहेगी सूचना देने वाले की पहचान

आईजी विकास कुमार ने रेंज स्तर के लोगों से सूचना के लिए अपना मोबाइल नंबर भी जारी किया है। वे बताते हैं कि बहुत सारी सूचनाएं आ रही हैं। लोग अपनी पहचान गुप्त बनाया रखना चाहते हैं जिसमें हम भी निभाते हैं। प्रत्येक सूचना का वेरिफिकेशन किया जाता है। स्थानीय थाने के अलावा हमारी टीम भी उसकी मॉनिटरिंग करती है। पुख्ता जानकारी शेयर कर कार्रवाई जा रही है।

### मादक पदार्थ तस्करी बड़ी चुनौती

आईजी मानते हैं कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी एक चुनौती है। इसका आधार डिमांड और सप्लाई है। हम लोगों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं जिससे वे अपने युवाओं को इससे दूर रखें। पहले मादक पदार्थ चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ और मध्यप्रदेश से आते थे। अब यह झारखंड, मणीपुर से आने लगा है। प्रभावी कार्रवाई भी की जा रही है। चुनाव के बाद इसमें और तेजी आएगी।

### इन मामलों में मिली सफलता

फलौदी क्षेत्र के सोलकर पावर प्लांट्स की सोलर प्लेट लूटने की घटनाएं होती रही हैं। हाल ही में एक गिरोह ने एक प्लांट पर डाका डाला और करोडों का सामान ले गए। आईजी बताते हैं कि इस मिशन को ऑपरेशन सेवंथ हॉर्स नाम दिया गया। सभी पांचों टीमों की एसआईटी ने इस पर काम शुरू किया। इनामी बदमाश शिवप्रताप विश्नोई का पूरा गिरोह पकड़ा गया। इसी प्रकार हत्या, मारपीट, लूट डकैती सहित अन्य संगीन वारदातों का अपराधी जैसलमेर के झिनझियाली निवासी लालसिंह 23 साल से फरार था। उसको पकड़ने के लिए टीम ने कार्रवाई की। उसके ठिकाने पर बंदूकों के अलावा 637 जिंदा कारतूस, 440 खाली कारतूस, विस्फोटक सामग्री व हथियार ठीक करने का सामान मिला।

---

**चैत्र नवरात्र: मंदिरों में गूंजे जयकारे**

# नवसंवत्सर के पहले दिन आराध्य को लगाई धोक

**बेधड़क | चाकसू**

चैत्र नवरात्र मंगलवार से प्रारंभ हुआ। इस मौके पर चाकसू क्षेत्र में लोगों ने नवसंवत्सर के पहले दिन अपने आराध्य देव को धोक लगाई और खुशहाली की कामना की। क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही भक्तों का पूजा-अर्चना एवं दर्शन के लिए तांता लगा रहा।

मंदिरों में नौ दिन तक चलने वाले विशेष अनुष्ठान आरंभ हुए। देवालयों में साफ-सफाई और रंग-रोगन के साथ आकर्षक साज-सज्जा की गई। वहीं हरिनाम संकीर्तन मंडल द्वारा कई मंदिरों में सुन्दर कांड के पाठ आरंभ किए गए। क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पहाड़ी वाले बाबा, नीलकंठ हनुमान मंदिर, श्रीचम्पेश्वर महादेव मंदिर, गणेशपुरी धाम, बडे बालाजी, शीतला माता मंदिर, चौथ माता मंदिर, श्रीराम मंदिर सहित सभी देवालयों में नव दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ हुए। उधर चैत्र शुक्ला प्रतिपदा विक्रम संवत् 2081 का स्वागत करते हुए राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा चाकसू के पदाधिकारियों ने कोटखावदा मोड़ पर अम्बेडकर सर्किल के पास नववर्ष के अभिवादन के लिए नगाराम ने शहनाई वादन किया गया। क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर राहगीरों को तिलक लगाते हुए नवसंवत की शुभकामनाएं दी। वहीं गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज ने नववर्ष वर्ष प्रतिपदा पर महर्षि गौतम जंयती मनाई।

### राजस्थान पुलिस में 3578 कांस्टेबल पदों पर भर्ती, लोकसभा चुनाव के कारण बढ़ाई तिथि

# 16 की बजाय अब 23 अप्रैल तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान पुलिस में 3578 कांस्टेबल पदों पर भर्ती के लिए आवेदन निकाले गए थे। जिसमें 2 प्रतिशत पदों पर उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा से भर्ती की जानी है। इस कैटगरी के जरिए 56 पदों पर भर्ती की जानी है।

इसके लिए आवेदन जारी है और इसकी आखिरी तारीख 16 मार्च 2024 थी। लेकिन अब ऑनलाइन आवेदन के लिए 20 दिन का समय और दिया गया है। यानी अब इसके लिए आवेदन की आखिरी तारीख 23 अप्रैल कर दी गई है। इस बारे में एडीजी मित्तल ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 की प्रभावी आचार संहिता के दौरान ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त होने के बाद अब पात्र आवेदनकर्ता 3 अप्रैल से आगामी 23 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



इससे पहले अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड सचिन मित्तल ने बताया था कि यह आवेदन योग्य एवं इच्छुक आवेदक राज कॉम इन्फो सर्विसेज द्वारा संचालित समस्त ई-मित्र किओस्क, जन सुविधा केंद्र व राजस्थान पुलिस के ऑनलाइन रिक्रूटमेंट पोर्टल पर अपनी SSO आईडी के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते हैं। हालांकि इसके लिए कुछ शर्तें भी हैं। यानी सभी लोग इसमें आवेदन नहीं कर सकते हैं।

#### केवल राजस्थान के उम्मीदवार कर सकते हैं आवेदन

उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा में केवल राजस्थान राज्य के मूल निवासी अभ्यार्थी ही पात्र माने जाएंगे। उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा में चयनित अभ्यर्थियों को केवल कॉन्स्टेबल सामान्य पदों के रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति दी जाएगी। अभ्यर्थियों द्वारा केवल एक ही खेल/इवेंट के लिए आवेदन किया जा सकेगा। यानी एक उम्मीदवार एक से ज्यादा खेलों के लिए पात्र नहीं होंगे और आवेदन नहीं कर सकेंगे।

#### इन खेलों के लिए किया जा सकेगा आवेदन

बताया जा रहा है कि इसमें 22 तरह के स्पोर्ट्स को जोड़ा गया है। जिसमें एथलेटिक्स, क्रॉसकन्ट्री, जूडो, जिम्नास्टिक, वुशु (Sanshou), ताइक्वाण्डो, कराटे, फेन्सिंग, कुश्ती, भारोत्तोलन, बॉक्सिंग, तीरंदाजी, वाटर स्पोर्ट्स, बैडमिन्टन, साईकिलिंग, स्वीमिंग, घुड़सवारी, शूटिंग, बास्केटबॉल, हैण्डबॉल, फुटबॉल, खो-खो और हॉकी को शामिल किया गया है। इन खेलों में जो उत्कृष्ट खिलाड़ी है वह आवेदन कर सकते हैं।

#### कौन से खेल प्रमाण पत्र मान्य होंगे

अखिल भारतीय पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त खेलों में से अभ्यर्थियों के लिए इन्टरनेशनल ओलम्पिक कमेटी, ओलम्पिक कॉउन्सिल ऑफ एशिया, इन्टरनेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईओसी से सम्बद्ध), कॉमनवेल्थ गेम्स फैडरेशन, एशियन स्पोर्ट्स फेडरेशन (ओसीए से सम्बद्ध), साउथ एशियन ओलम्पिक कॉउन्सिल, इण्डियन ओलम्पिक एसोसिएशन, नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईओए से सम्बद्ध), एसोसिएशन ऑफ इण्डियन यूनिवर्सिटीज, इन्टरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन, एशियन स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन तथा स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा जारी खेल प्रमाण पत्र मान्य होंगे। चयन प्रक्रिया के 100 अंक होंगे जो 03 चरणों में आयोजित होगी।

## Yuva स्टोरीज

# आरयू के प्रोफेसर डॉ. योगेश ने की नई कवक प्रजातियों की खोज

बेधड़क | जयपुर



राजस्थान विश्वविद्यालय वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. योगेश जोशी ने अपने गहन शोध के माध्यम से हिमालय की दुर्गम उंचाइयों पर भारतीय क्षेत्र में पनपने वाली 04 नई कवक प्रजातियों (Four new fungal species) की खोज की है। डॉ. योगेश जोशी की इस नई खोज के निष्कर्ष को बॉटनी के क्षेत्र में नवीन शोध कार्यों की जानकारी देने वाली " लिंडबर्गिया " पत्रिका ने प्रमुख रूप से प्रकाशित किया है।

राजस्थान विश्वविद्यालय से जुड़े इस वनस्पति शास्त्री द्वारा हिमालय के दुर्गम स्थानों पर अपने अथक शोध प्रकिया के माध्यम से आर्थोनिया एस्पिसिलिया, आर्थोनिया डेस्ट्रूनेस, आर्थोनिया हॉक्सवर्थी एवं आर्थोनिया प्रोटोपरमेलियोप्सियोस जैसी नई कवक प्रजातियों का भारत में विकसित होने का प्रमाण दिया है, उल्लेखनीय है कि अभी तक यह प्रजातियां ऑस्ट्रिया, बोलिविया, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, ग्रीनलैंड, आयरलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, रूस जैसे क्षेत्रों में ही मौजूद मानी जातीं थीं। डॉ. जोशी की इस खोज ने हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र में कवक विविधता के बारे में न केवल भारत अपितु विश्वभर के वनस्पति शास्त्रियों के लिए ज्ञान की एक नई दिशा तय कर दी है। डॉ. जोशी ने अपनी यह महत्वपूर्ण रिसर्च उन्हे एस.ई.आर.बी, एस.सी.पी, द्वारा प्रदान की गई परियोजना के तहत की है। उनकी यह खोज जैव विविधता के क्षेत्र में किए जा रहे विशिष्ट शोध कार्यों की दिशा में एक मील का पत्थर समझी जा रही है। राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने इस महत्वपूर्ण शोध कार्य के लिए डॉ. योगेश जोशी को शुभकामनाएं दीं।

### स्कूल व्याख्याता भर्ती

# आरपीएससी को एक पद रिक्त रखने के निर्देश

बेधड़क | जयपुर

हाईकोर्ट ने कट ऑफ से अधिक अंक लाने के बावजूद भी स्कूल व्याख्याता पद पर नियुक्ति नहीं देने पर शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक और आरपीएससी सचिव से जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने भूगोल विषय के स्कूल व्याख्याता का एक पद रिक्त रखने को कहा है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश एक मामले में प्रारंभिक सुनवाई करते हुए। याचिका में अधिवक्ता आरपी सैनी ने अदालत को बताया कि आरपीएससी ने भूगोल विषय के 793 पदों सहित कुल 26 विषयों के लिए स्कूल व्याख्याता पद की 28 अप्रेल, 2022 को भर्ती निकाली। भर्ती विज्ञापन में शर्त रखी गई कि अभ्यर्थी के पास यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पीजी होना जरूरी है। याचिका में कहा गया कि उसने चूरू के ओपीजेएस विश्वविद्यालय से भूगोल विषय में पीजी किया था। आरपीएससी की ओर से गत पांच अक्टूबर को जारी परीक्षा परिणाम में याचिकाकर्ता की 48वीं रैंक आई थी। याचिकाकर्ता ने 316 से अधिक अंक प्राप्त किए थे, जबकि कट ऑफ 281 रखी गई थी। याचिकाकर्ता ने काउंसलिंग में भाग लेकर आयोग को सभी दस्तावेज जमा भी करा दिए थे। इसके बावजूद भी याचिकाकर्ता को नियुक्ति नहीं दी गई और उससे कम अंक रखने वाले दूसरे अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे दी गई। याचिकाकर्ता के पूछने पर उसे बताया गया कि ओपीजेएस विवि से पीजी होने के कारण उसे नियुक्ति नहीं दी गई है। याचिका में कहा गया कि यह विवि यूजीसी से मान्यता प्राप्त विवि है। ऐसे में उसे इस आधार पर नियुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए एक पद याचिकाकर्ता के लिए रिक्त रखने को कहा है।

### शैक्षणिक गतिविधियों की प्लानिंग 30 जून तक हो तैयार

# शिक्षकों को आवश्यकता अनुरूप करें प्रशिक्षित

## स्कूल शिक्षा शासन सचिव ने की बैठक



बेधड़क | जयपुर

स्कूल शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने मंगलवार को शिक्षा संकुल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में आयोजित की जाने वाली विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की कार्ययोजना 30 जून तक तैयार करें। कुणाल ने कहा कि शिक्षकों को आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाए तथा प्रशिक्षण मॉड्यूल की विषयवस्तु को समय की प्रासंगिकता के अनुसार परिष्कृत किया जाए। संस्था प्रधानों को वित्तीय प्रावधानों के संबंध में आरटीपीपी एक्ट का भी प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि बालकों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा नैसर्गिक वातावरण में दी जाए। राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षण के लिए उपलब्ध करवाए जाने वाले एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग किट का प्रशिक्षण दे कर, उपयोगिता सुनिश्चित की जाए। राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, स्कूल शिक्षा परिषद अविचल चतुर्वेदी ने समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों तथा विद्यालयों को दी जाने वाली ग्रांट एवं संसाधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी, विशिष्ट शासन सचिव चित्रा गुप्ता, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा सीताराम जाट सहित निदेशालय, समग्र शिक्षा, स्टेट ओपन, पुस्तकालय विभाग, साक्षरता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### जिला कलेक्टर ने टीचर बनकर ली बच्चों की क्लास

कोटपूतली जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बबेरा (बानसूर) का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल की व्यवस्थाओं को अवलोकन कर कक्षा कक्ष में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से बातचीत की। कलेक्टर ने टीचर की भूमिका में करीब 20 मिनट तक बच्चों को पढ़ाया। उन्होंने इस दौरान छात्र छात्राओं को अंग्रेजी में वाक्य बनाने के तरीकों को आसानी से बनाने का तरीका बताते हुए सफलता पाने का पाठ पढ़ाया। कलेक्टर ने बालकों को शिक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने अंग्रेजी का अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षक को अंग्रेजी में ही बच्चों को लिखने, पढ़ने और बोलने का लगातार अभ्यास कराने के लिए कहा। उन्होंने बच्चों से रूबरू होते हुए कहा कि अंग्रेजी पढ़ना, लिखना और बोलना जरूर आना चाहिए। कलेक्टर ने बच्चों को अंग्रेजी में वाक्य बनाने और अन्य जानकारी संबंधित शिक्षण कार्य कराया। निरीक्षण के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, शिक्षक व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय हैकथॉन संपन्न, विजेता पुरस्कृत

बेधड़क | जयपुर

जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन की ओर से दो दिवसीय हैकथॉन का आयोजन किया गया। इस दौरान 18 टीम ने हैकथॉन में हिस्सा लिया और अपने स्टार्ट अप को प्रेजेंट किया। स्टूडेंट्स ने अपने बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किए और जजेस के सामने इसका प्रेजेंटेशन दिया। आयोजन के दौरान जजेस के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब भी स्टूडेंट्स ने आत्मविश्वास के साथ दिए। जजेस के रूप में प्रदेश के स्टार्ट अप ब्रांड परेश गुप्ता समेत देश की अन्य नामचीन हस्तियों ने शिरकत की। गुप्ता ने बताया कि स्टूडेंट्स मे प्रैक्टिकल लर्निंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ये आयोजन किया गया। दो दिन के आयोजन के बाद भारत कशिश और हर्षित राधिका की टीम 7 का चयन विजेता के रूप मे हुआ।

### 70 बच्चों का कराटे बेल्ट एग्जाम

# स्टूडेंट्स ने सीखी कराटे की तकनीक



बेधड़क | जयपुर

सिरसी रोड बजरी मंडी स्थित चांदा अकादमी मे मंगलवार को करीब 70 बच्चों का कराटे का बेल्ट एग्जाम हुआ। इस बेल्ट एग्जाम मे वेदांता स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया, स्कूल के कोच संदाई रोहिताश चांदा व संदाई नवरतन चौधरी ने बच्चों को प्रशिक्षित कर बच्चों का उत्साहवर्धन कर बच्चों को बेल्ट एग्जाम के लिए तैयारी करवाया।

इस बेल्ट एग्जाम को शिहान हेमंत कुमार राजस्थान चीफ इंस्ट्रक्टर व एग्जामिनर और उनकी सहायक टीम के द्वारा लिया गया सहायक टीम मे मुख्य 1 शिहान हेमन्त कुमार, संदाई रिहिताश चांदा, संदाई नवरतन चौधरी, योंदाई सुन्दरलाल, संदाई अमित सोनी सेम्पई दिनेश चौधरी, सेम्पई अविनाश चौधरी द्वारा बेल्ट टेस्ट लिया गया। बच्चों को टेक्निकल तौर पर उनके बेसिक ब्लॉक्स, पंचेज और किक्स को चेक किया और येलो बेल्ट से ब्राउन बेल्ट तक बच्चों का योग्यता अनुसार रिटन एग्जाम भी लिया गया। राजस्थान चीफ इंस्ट्रक्टर व एग्जामिनर ने बताया क़ी कराटे का बेल्ट एग्जाम बच्चों को तकनीकी तौर पर चेक करके उन्हें बेल्ट प्रमोशन किया जाता हैं। इस मे अपने प्रतिद्वंदी के वार को रोकने और अपने बचाव कर पुनः वार करना सिखाया जाता है।

सभी बच्चों ने इस बेल्ट एग्जाम मे जोश व उत्साह से अपना अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया और अगामी टूर्नामेंट के लिए तैयारी भी की सभी कोच द्वारा बच्चों को काता (तकनीकों का समूह) व कुमिते (फाइट तकनीक) सिखाई गई। काता शिहान हेमंत कुमार और योंदाई सुन्दर लाल द्वारा प्रशिक्षित किया गया और कुमिते का प्रशिक्षण संदाई रोहिताश चांदा व उनके सहायक कोच संदाई नवरतन चौधरी के द्वारा दिया गया।

#### बच्चों ने अक्षरधाम मंदिर किया विजिट

**जयपुर।** टैगोर पब्लिक स्कूल, वैशाली नगर की क्लास 5 से 8 तक के स्टूडेंट्स के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें स्टूडेंट्स को वैशाली नगर में स्थित अक्षर धाम मंदिर की यात्रा कराई गई। स्टूडेंट्स ने मंदिर के नियमों का पालन करते हुए सर्वप्रथम भगवान के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। उसके बाद मंदिर परिसर का अवलोकन किया और उसकी सुंदर बनावट व नक्काशी की सराहना की। यह स्टूडेंट्स के लिए एक नया अनुभव था जिसमें वह आध्यात्म से जुड़कर धर्म के बारे में नई जानकारियां प्राप्त कर रहे थे। उनमें विविध मान्यताओं की गहरी समझ विकसित हो रही थी। इसी यात्रा के क्रम में प्री-प्राइमरी के नन्हें स्टूडेंट्स को प्रकृति से जोड़ने के लिए प्राकृतिक वातावरण में ले जाया गया। जिसमें नन्हे बच्चों ने पेड़ पौधों से दोस्ती की और उनके बारे में अपनी टीचर्स से अनेक जानकारियां प्राप्त की। प्रकृति से जुड़कर बच्चे बहुत आनंदित महसूस कर रहे थे। स्कूल की प्रिंसिपल भव्या राठौड़ ने सभी बच्चों को समझाया कि प्रकृति हमारी मित्र है, हमें प्रकृति और अपनी सांस्कृतिक धरोहर को अपने प्रयासों से सहेजना है। यह हमारा नैतिक दायित्व भी है।

### फर्जीवाड़ा | पकड़े जाने पर होगी कानूनी कार्रवाई

# NCERT: नकली किताबें बेचने वालों की खैर नहीं!

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने नकली स्कूली पाठ्यपुस्तकों को लेकर सोमवार को चेतावनी जारी कर कहा कि इनमें तथ्यात्मक रूप से गलत सामग्री होने की आशंका है। एनसीईआरटी ने अपनी पाठ्यपुस्तकों की अनधिकृत छपाई और उनकी व्यावसायिक बिक्री के प्रति लोगों को आगाह किया और उसकी शैक्षिक सामग्रियों के कॉपीराइट के उल्लंघन को लेकर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। परिषद के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कुछ प्रकाशक एनसीईआरटी से अनुमति प्राप्त किए बिना इसकी वेबसाइट पर उपलब्ध एनसीईआरटी की स्कूली पाठ्यपुस्तकों को अपने नाम से छाप रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई व्यक्ति व्यावसायिक बिक्री के लिए एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों को पूर्ण या आंशिक रूप से प्रकाशित करता हुआ या कॉपीराइट अनुमति प्राप्त किए बिना अपने प्रकाशनों में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक की सामग्री का उपयोग करता हुआ पाया जाता है तो उसे कॉपीराइट अधिनियम 1957 के तहत कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।



#### एनसीईआरटी से कर सकते हैं शिकायत

अधिकारी ने कहा, आम जनता से अनुरोध है कि कृपया ऐसी पाठ्यपुस्तकों या वर्कबुक से दूर रहें क्योंकि उनकी सामग्री तथ्यात्मक रूप से गलत हो सकती है और साथ ही एनसीएफ (स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा) 2023 के मूल दृष्टिकोण के खिलाफ भी हो सकती है। उन्होंने कहा, हम लोगों से आग्रह करते हैं कि अगर उन्हें ऐसी नकली पाठ्यपुस्तकों या वर्कबुक का पता चलता है तो वे इसकी सूचना तुरंत परिषद को दें।

#### इस महीने के आखिरी तक आएंगी कक्षा 6 की किताबें

एनसीईआरटी ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि तीसरी कक्षा की पाठ्यपुस्तकें अप्रैल के अंतिम हफ्ते तक और छठी कक्षा की किताबें मई के मध्य तक उपलब्ध होंगी। इसमें यह भी कहा था कि पहली, दूसरी, सातवीं, आठवीं, दसवीं और 12वीं कक्षा की पाठ्यपुस्तकों के 2023-2024 संस्करणों की 1.21 करोड़ प्रतियां देश भर में जारी की गई हैं।

# अनंत फल प्रदायक स्वाधिष्ठान चक्र जागरण



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

शक्ति पूजन के लिए प्रख्यात नवरात्रि का द्वितीय दिन देवी ब्रह्मचारिणी के पूजन के लिए समर्पित है। ब्रह्मचारिणी देवी पार्वती के यौवन रूप को प्रतिष्ठित करती हैं। इस वर्ष 2024 में 10 अप्रैल दिन बुधवार को वासन्तीय नवरात्रि का द्वितीय दिन है। देवी ब्रह्मचारिणी के दुर्गा के नौ रूपों में से दूसरा स्वरूप होने के कारण नवरात्रि के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की पूजा व अर्चना की जाती है। ब्रह्मचारिणी शब्द संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है- ब्रह्म और चारिणी। इसमें ब्रह्म का अर्थ है -तपस्या, एक स्वअस्तित्व वाली आत्मा, पूर्ण वास्तविक व पवित्र ज्ञान, और चारिणी का अर्थ है -आचरण करना, अनुसरण करना, व्यवहार करना। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार देवी ब्रह्मचारिणी ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए सहस्त्रों वर्ष तक सिर्फ बेल-पत्र और फिर निर्जल व निराहार रहकर घोर तपस्या की थी। जिसके कारण माता को ब्रह्मचारिणी कहा जाता है। ब्रह्मचारिणी माता के हमेशा तप में लीन रहने के कारण इनका तेज बढ़ गया। इसलिए इनका रंग सफेद अर्थात गौर वर्ण बताया गया है। नवशक्तियों का दूसरा स्वरूप तप का आचरण करने वाली अर्थात तप की चारिणी, देवी ब्रह्मचारिणी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएँ हाथ में कमण्डल है।

भक्तगण नवरात्रि के दूसरे दिन अपनी कुंडलिनी शक्ति को जागृत करने के लिए साधना करते हैं। जिससे उनका जीवन सफल हो सके और अपने सामने आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा का सामना आसानी से कर सकें। इस दिन साधक का मन स्वाधिष्ठान चक्र में शिथिल होता है। इस चक्र में अवस्थित मन वाला योगी उनकी कृपा और भक्ति प्राप्त करता है। जीवन के कठिन संघर्षों में भी उसका मन कर्त्तव्य पथ से विचलित नहीं होता। माता ब्रह्मचारिणी की कृपा से उसे सर्वत्र सिद्धि और विजय प्राप्त होती है। दुर्गा का यह दूसरा स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनन्त फल देने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम की वृद्धि होती है। उल्लेखनीय है कि मानव के विकास के दूसरे स्तर का द्योतक स्वाधिष्ठान चक्र तंत्र और योग साधना की चक्र संकल्पना का दूसरा चक्र है। स्व का अर्थ है आत्मा।

> "मानव शरीर में 112 चक्र होते हैं, लेकिन आदियोगी शिव ने इन्हें सात वर्गों में बांटा था और सप्त ऋषियों को दीक्षित किया था। इसीलिए इन्हें सात चक्रों के रूप में जाना जाता है। स्वाधिष्ठान चक्र के एक खास तरीके से स्थापित हो जाने पर सृजन (क्रिएट) करने की क्षमता बढ़ जाती है। सबसे निचले स्तर पर इसका काम विशुद्ध तौर पर प्रजनन अर्थात बच्चे पैदा करना है। इसके सबसे ऊंचे स्तर पर ईश्वर का सृजन किया जा सकता है। यह तभी संभव है, जब शेष सभी चक्र सक्रिय हों।"

यह चक्र त्रिकास्थि अर्थात पेडू के पिछले भाग की पसली के निचले छोर में स्थित होता है। इसका मंत्र वम (ङ्करू) है। इसी में चेतना की शुद्ध, मानव चेतना की ओर उत्क्रांति का प्रारंभ होता है। यह अवचेतन मन का वह स्थल है, जहां हमारे अस्तित्व के प्रारंभ में गर्भ से सभी जीवन अनुभव और छायाएं संग्रहीत रहती हैं। स्वाधिष्ठान चक्र की जाग्रति स्पष्टता और व्यक्तित्व में विकास लाती है। स्वाधिष्ठान चक्र का प्रतीकात्मक चित्र छह पंखुड़ियों वाला कमल है। ये पंखुड़ियां छह मनोविकारों- क्रोध, घृणा, वैमनस्य, क्रूरता, अभिलाषा और गर्व के संकेतक हैं, जिन पर साधक को विजय पाना होता है। ये व्यक्ति के विकास में बाधक छः गुणों- आलस्य, भय, संदेह, प्रतिशोध, ईर्ष्या और लोभ के भी संकेतक हैं। स्वाधिष्ठान चक्र का प्रतीक पशु मगरमच्छ है। यह सुस्ती, भावहीनता और खतरे का प्रतीक है, जो इस चक्र में छिपे हैं। इस चक्र का अनुरूप तत्त्व जल है, यह भी छुपे हुए खतरे का प्रतीक है।

इस चक्र की देवी दुर्गा और देवता विश्वकर्मा हैं। स्वाधिष्ठान का रंग संतरी है। सूर्योदय का यह रंग उदीयमान चेतना का प्रतीक है। संतरी रंग सक्रियता और शुद्धता का भी रंग है। यह सकारात्मक गुणों का प्रतीक है और इस चक्र में प्रसन्नता, निष्ठा, आत्मविश्वास और ऊर्जा जैसे गुण पैदा होते हैं। स्वाधिष्ठान चक्र देवी-देवताओं को रचने की महारत देता है। स्वाधिष्ठान वह केंद्र है, जिसका इस्तेमाल बच्चे पैदा करने के लिए या फिर देवी देवताओं को रचने के लिए किया जाता है। स्व-अधिष्ठान का मतलब है स्व अर्थात आत्मा का घर या निवास। सातों चक्र अर्थात सात आयाम एक दूसरे में गुंथे हुए हैं, उन्हें अलग नहीं किया जा सकता है। स्वाधिष्ठान में मूलाधार भी है। इसी तरह से मणिपूरक में मूलाधार व स्वाधिष्ठान हैं। अनाहत में ये तीनों ही हैं। इसी तरह से हर आयाम में शेष सारे आयाम मौजूद होते हैं। लेकिन हर आयाम की जो विशेषताएं हैं, वे ही उसे एक आयाम विशेष का रूप देती हैं। मूलाधार शरीर का सबसे बुनियादी चक्र है। मूलाधार साधना पीनियल ग्लैंड से जुड़ी है, और इस साधना से तीन बुनियादी गुण सामने आ सकते हैं। स्वाधिष्ठान और मूलाधार आपस में जुड़े हैं। अपने मूलाधार पर महारत हासिल कर लेने वाला व्यक्ति या तो एक स्थिर देह अर्थात शरीर पा लेता है, या एक खास तरह की मादकता अर्थात नशा या आनंद वाला अनुभव हासिल करता है, या फिर अपने बोध को ऊंचे स्तर पर ले जाता है। साधक के द्वारा इसका उपयोग सिर्फ स्थिरता के लिए किए जाने पर स्वाधिष्ठान पुर्नजनन अर्थात बच्चे पैदा करना और सुख का एक मजबूत स्थान बन जाता है। व्यक्ति के द्वारा मूलाधार का उपयोग मादकता अर्थात नशे की अवस्था के लिए किए जाने पर स्वाधिष्ठान एक खास तरह से शरीर के न होने का भाव दिलाने वाला मजबूत स्थान बन जाता है। यहां शरीर के न होने का मतलब हल्की हवा की तरह होना नहीं है, अपितु शरीर से थोड़ी दूरी बनाना है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा पीड़ित गर्भवती महिलाएं


# अब एनीमिया से मुक्त होगा भारत!



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

> "अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली में 'एफसीएम इंजेक्शन के सफल परीक्षण के बाद केंद्र सरकार का 2047 तक भारत को एनीमिया मुक्त बनाने का सपना साकार होता नजर आ रहा है। चिकित्सकों को उम्मीद है कि नैनो मॉलिक्यूल पर आधारित यह इंजेक्शन गर्भवती महिलाओं में एनीमिया को नियंत्रित करने में कारगर साबित होगा।"

आयरन की कमी के कारण भारत का हर तीसरा बच्चा जन्म के समय कम वजन का होता है। 'संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन की भारत के बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य की रिपोर्ट भयावह तस्वीर पेश करती है। इसे 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की रिपोर्ट और खतरनाक बना देती है। 70 फीसदी भारतीय महिलाओं और बच्चों में आयरन, जिंक और कैल्शियम जैसे पौष्टिक तत्वों की गंभीर कमी होती है। भारत में प्रसव के दौरान होने वाली 20 से 40 फीसदी मौतें, एनीमिया के चलते होती हैं। पूरी दुनिया में जितनी मौतें होती हैं, उनका आधा केवल भारत में होती हैं। एनीमिया से सबसे ज्यादा पीड़ित गर्भवती महिलाएं होती हैं, लेकिन एक नए अध्ययन में सामने आया है कि पुरुष भी इसकी गिरफ्त में तेजी से आ रहे हैं। 'द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ' में प्रकाशित एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि भारत में 15 से 54 वर्ष के लोगों में चार में से एक पुरुष किसी न किसी रूप में एनीमिया का शिकार है। एनीमिया का मतलब है, हीमोग्लोबिन में कमी होना। इसकी गंभीरता थकान, कमजोरी, चक्कर आना और उनींदापन जैसी स्थिति उत्पन्न करती है। इसकी वजह से विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और बच्चों में कमजोरी देखी जाती है।



विभिन्न आयु वर्गों में इसकी स्थिति अलहदा होती है। आयरन की कमी एनीमिया का सबसे बड़ा कारण है। हालांकि अन्य स्थितियां जैसे, फोलेट बीटामिन बी-12 और विटामिन ए की कमी, पुराना सूजन, परजीवी संक्रमण और आनुवंशिक विकार आदि भी एनीमिया का कारण हो सकते हैं। देश में गर्भावस्था से जुड़ा एनीमिया, स्वास्थ्य से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा है। जो न केवल मां, बल्कि विकसित हो रहे भ्रूण दोनों पर बुरा असर डालता है। 'विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक एनीमिया एक ऐसी स्थिति है, जिसके दौरान रक्त में मौजूद लाल रक्त कोशिकाओं या हीमोग्लोबिन की मात्रा सामान्य से कम हो जाती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे- 5 के अनुसार देश में 52.2 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित होती हैं। जिनमें हीमोग्लोबिन की मात्रा 11 ग्राम प्रति डेसी लीटर से कम होता है। करीब 10-20 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं मध्यम स्तर के एनीमिया (हीमोग्लोबिन 9.9-7 ग्राम प्रति डेसी लीटर) से पीड़ित होती हैं। वहीं करीब तीन प्रतिशत गर्भवती महिलाएं गंभीर एनीमिया से पीड़ित होती हैं, जिनके ब्लड में हीमोग्लोबिन की मात्रा सात मिलीग्राम से कम होती है।

आंकड़ों के अनुसार जहां 2019 से 2021 के बीच शहरी क्षेत्रों में रहने वाली 50 फीसदी से अधिक गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित थीं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में इनका आंकड़ा शहरों से अधिक रिकॉर्ड किया गया था। विशेषज्ञों के अनुसार भारतीयों के खान-पान में पोषण की कमी इसकी एक बड़ी वजह है। राजस्थान के झालावाड़ में गर्भवती महिलाओं पर किए एक अध्ययन से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली 81.1 फीसदी गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। इस अध्ययन में यह भी सामने आया है कि गर्भावस्था के दौरान एनीमिया समय से पहले जन्म, भ्रूण के विकास के साथ-साथ गर्भपात और उच्च शिशु मृत्यु दर से लेकर मातृ मृत्यु के 20 से 40 फीसदी मामलों के लिए जिम्मेदार है। ऐसा नहीं है कि सरकार इसको लेकर गंभीर नहीं है। भारत में गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम के लिए कई उपाय किए गए हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन और फोलिक एसिड की खुराक वितरित करना और पोषण के बारे में जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना जैसे प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद गर्भवती भारतीय महिलाओं में एनीमिया एक आम समस्या बनी हुई है। इस अध्ययन के जो निष्कर्ष सामने आए हैं उनके मुताबिक भारत में 50 फीसदी से अधिक गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। जिसका महत्वपूर्ण संबंध उनकी भौगोलिक स्थिति, शिक्षा के स्तर और आर्थिक समृद्धि से जुड़ा है। रिसर्च के मुताबिक गर्भावस्था से संबंधित एनीमिया अपर्याप्त पोषक आहार, आयरन की पर्याप्त मात्रा न मिल पाना या पहले से मौजूद स्थितियों के कारण हो सकता है। हैरानी की बात यह है कि शौचालय भी इस पर व्यापक असर डालते हैं। एक रिसर्च के अनुसार बेहतर शौचालय सुविधाओं का उपयोग करने वाली महिलाओं में गंभीर से मध्यम एनीमिया होने की आशंका साढ़े सात फीसदी कम होती है। वहीं यदि भौगोलिक रूप से देखें तो भारत के दक्षिणी हिस्सों की तुलना में पूर्वी क्षेत्रों में एनीमिया का प्रसार 17.4 फीसदी अधिक है। इसलिए भारत सरकार का पूरा ध्यान इस बीमारी का जड़ से खात्मा करने पर है।

इसके लिए केंद्र सरकार ने 2018 में ही 'एनीमिया मुक्त भारत की रणनीति बनाई थी। इस अभियान का उद्देश्य पोषण अभियान, टेस्टिंग, डिजीटल तरीके और पॉइंट ऑफ केयर का उपयोग करके एनीमिया का इलाज, फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों का प्रावधान और सरकार द्वारा वित्त पोषित सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा जागरूकता बढ़ाना है। गत वर्ष 2023 के बजट में भी केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने हेल्थ बजट में घोषणा करते हुए देश को 2047 तक एनीमिया रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा था।

हाल ही में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली के चिकित्सकों को इस दिशा में एक बड़ी कामयाबी मिली है। लंबे शोध के बाद अब एक डोज इंजेक्शन से ही गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं का सफल इलाज संभव हो पाएगा।

एम्स के कम्युनिटी मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ. कपिल यादव ने बताया कि देश की एक बड़ी आबादी एनीमिया से पीड़ित है और गर्भवती महिलाएं इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। लेकिन

अब सिंगल डोज आइवी (इंट्रावेनस) आयरन इंजेक्शन से ही मध्यम व गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं का इलाज संभव हो सकेगा। एम्स में इसके सफल ट्रायल के बाद इसे एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल करने की तैयारी की जा रही है। हमें उम्मीद है कि यह इंजेक्शन गर्भवती महिलाओं के लिए रामबाण साबित हो सकता है। यह आयरन इंजेक्शन पूरी तरह स्वदेशी और सुरक्षित है। लंबे समय से इस पर शोध का काम चल रहा था। दो साल से अस्पताल में तकरीबन 20,000 महिलाओं पर इसका ट्रायल किया गया है, जो सफल रहा है। अब दूसरे अस्पतालों में भी गंभीर मरीजों पर इसका इस्तेमाल किया जाएगा और एनीमिया मुक्त भारत का सपना साकार होने को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि गंभीर एनीमिया होने पर रोगी को ब्लड चढ़ाना पड़ता है या गर्भवती महिलाओं को आयरन के पांच से छहः इंजेक्शन देने पड़ते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# चुनावी रंग



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

समय गतिशील है इसकी गति अनुसार जो चलते हैं वह अपने नए पन से जीते रहते हैं। वह कभी अवधि पार नहीं होते। सदा हरे भरे बने रहते हैं। राजनीति में अब नीति सिद्धांत वाली बातें बीते दिनों की हो गई। समय के अनुसार गतिशीलता आ गई ।अब जरूरत अनुसार जनता के साथ मोल भाव जैसा सा व्यवहार किया जाता है।

यदि किसी जनआधार वाले नेता की अपनी पार्टी में पटरी नहीं बैठ रही हो और उसे वहां घुटन महसूस हो रही हो ,तो वह अब पलक झपकते ही दूसरे पार्टी में जाने की घोषणा कर देता है। नई पार्टी उसे दुपट्टा पहना कर उसका अपनी पार्टी में स्वागत करती है। जो कल तक अपनी जिस मूल पार्टी में था उसे पानी पीपी कर दिन-रात कौसता रहता। वह अपने को एक मजबूत गठजोड़ मानते हैं। भले की अंदर से दोनों एक दूसरे के खिलाफ तीर कमान लिए बैठे हों, लेकिन जनता के से कहेंगे हम एक हैं। आधार वाले नेता के आने से चाहते हुए भी कई नेता चुप्पी साथ लेते हैं। आने वाले को आला कमान का आशीर्वाद जो मिला हुआ है।

समय की धार को पहचान अपनी गोटें चलने वाला कभी घाटे में नहीं रहता। हमेशा यहां वहां जन मन में समुद्री लहरों की तरह उछालें मारने लगता है। प्रयास यही रहता है कि जिस पार्टी का जीतने का पलड़ा भारी हो वह उधर ही में,ढकी की उछाल मारने लगता है और वहां जाकर अपनी पिछली पार्टी के सारे दोष उगलने लगता है।

इधर चुनावी दौर में नेताओं के बोल भी कभी घटिया स्तर के हो जाते हैं। जो मर्जी बोल दो झूठा सच्चा, कौन फरक पड़ता है। वोटों की राजनीतिक रोटियां सेकने का ताप तो उन्हें उपलब्ध होने ही लगता है। ऐसा उनका सोच रहता है।

यदि कभी उसके बोल पार्टी के लिए या स्वयं के लिए भी संकट में डालने वाले होजाएं तो वह ऐसे में यू टर्न लेने में अपनी भलाई समझता है। कहेगा मेरी बात को शायद मीडिया ने सही नहीं समझा। लेकिन फिर जब कुछ भी नहीं बन पड़ता तो वह माफी मांगने में अपनी भलाई समझता है। देश के चुनावी माहौल में ऐसे ही कई चुनावी रंग देखने का आनंद जनता लेते रहती है। वह सब कुछ जानकर निर्णय करती है कि ईवीएम में कौन से प्रत्याशी का बटन दबाना है। आखिर भी वह भी जनतंत्र का एक सजक प्रहरी है।

**X**



**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री
@narendramodi
CAA से पीलीभीत सहित देशभर के कई परिवारों को हमेशा-हमेशा के लिए मुसीबतों से मुक्ति मिल जाएगी, ये मेरी गारंटी है।



**अमित शाह**, गृह मंत्री
@AmitShah
500 साल बाद रामनवमी पर रामलला टेंट में नहीं, भव्य मंदिर में होंगे।



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण मोदी की गारंटी...



**सीपी जोशी**, प्रदेशाध्यक्ष बीजेपी
@cpjoshiBJP
बेगूं के जन जन की पुकार है, अबकी बार 400 पार है। आज बेगूं में जनसंपर्क कर 26 अप्रैल को कमल के निशान पर मतदान का आग्रह किया।



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़**, मंत्री राजस्थान
@Ra_THORe
महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण मोदी की गारंटी...

## नॉलेज कॉर्नर: क्षेत्रफल में 16 करोड़ 52 लाख वर्ग किलोमीटर

# दुनिया में सबसे गहरा प्रशांत महासागर

दुनिया में पांच महासागर है। दुनियाभर में इन्हीं समुद्रों के जरिए व्यापार होता है। इस बीच क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे गहरा महासागर प्रशांत महासागर को कहा जाता है, लेकिन बहुत कम ही लोग जानते हैं कि प्रशांत महासागर की गहराई कितनी है। बात सबसे बड़े महासागर की करें तो हर किसी की जुबान पर प्रशांत महासागर का नाम आता है, जो अपने विशाल रूप के लिए जाना जाता है। ये महासागर उत्तर में उत्तरी ध्रुव से लेकर दक्षिण में दक्षिणी ध्रुव तक फैला हुआ है। इसका कुल क्षेत्रफल 16 करोड़ 52 लाख वर्ग किलोमीटर है। दुनिया में मौजूद पांचों महासागरों में सबसे गहरा महासागर भी प्रशांत महासागर ही है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं विस्तार से...

### महासागर की गहराई नाप पाना मुश्किल

महासागर इतने गहरे होते हैं कि उनकी गहराई नाप पाना मुश्किल होता है। साइंटिस्ट ने अब तक दुनिया के सबसे गहरे माने जाने वाले प्रशांत महासागर की गहराई नापने की कोशिश की। सिर्फ एक जगह तक पहुंच पाए, जिसे मारिआना ट्रेंच कहा जाता है। यहां प्रशांत महासागर की गहराई करीब 36,200 फीट मापी गई। इसके बावजूद वैज्ञानिक मानते हैं कि यह प्रशांत महासागर की अधिकतम गहराई नहीं है। महासागरों की अनुमानित गहराई करीब 3800 मीटर तक मानी गई है। धरती पर कुल पांच महासागर हैं। प्रशांत महासागर, हिंद महासागर, आर्कटिक महासागर, अटलांटिक महासागर और अटार्कटिक महासागर। ये अपने विशालकाय रूप के लिए जाने जाते हैं। इनमें विभिन्न जीव-जंतुओं की अपनी एक दुनिया है। इसमें केकड़े, स्टारफिश, शार्क, व्हेल आदि जैसी मछलियां पाई जाती हैं। महासागर पृथ्वी की सतह के दो तिहाई या 72 प्रतिशत को कवर करते हैं।



### सबसे गहरा बिंदु

दुनिया के सबसे गहरे महासागर में ही दुनिया का सबसे गहरा बिंदु भी मौजूद है। इस महासागर में ही मारियाना ट्रेंच है, जो कि 35,797 फीट की गहराई में मौजूद है। यदि इसकी मीटर और किलोमीटर में बात की जाए, तो ये 11,000 मीटर यानि कि 11 किलोमीटर की गहराई में मौजूद है। प्रशांत महासागर दुनिया में मौजूद कुल जल सतह का 46 प्रतिशत हिस्सा है। ये उत्तरी ध्रुव से लेकर दक्षिणी ध्रुव तक फैला हुआ है। ऐसे में ये एशिया और ऑस्ट्रेलिया को अमेरिका से भी अलग करने का काम करता है। इसके अलावा कई समुद्र भी प्रशांत महासागर के पश्चिमी किनारे पर स्थित हैं।

### इतनी है महासागर की गहराई

*अब बात करते हैं कि प्रशांत महासागर की गहराई कितनी है। तो बता दें कि प्रशांत महासागर की गहराई 14020 फीट है यानी ये 4,820 मीटर है। यदि इस गहराई में किसी व्यक्ति को जाना है तो उसे साढ़े चार किलोमीटर से भी ज्यादा गहराई में उतरना होगा।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

## हाई कोर्ट से दिल्ली सीएम केजरीवाल को झटका, कहा- अदालत कानून से चलती है, सियासी दबाव से नहीं

# फिलहाल जेल में ही कटेंगे दिन... हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी को बताया सही

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई करते उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें केजरीवाल ने ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। उन्होंने अपनी याचिका के जरिए गिरफ्तारी और ईडी रिमांड का विरोध किया था। इस दौरान हाईकोर्ट ने केजरीवाल को झटका देते हुए कहा कि जांच एजेंसी



द्वारा जुटाए गए सबूतों से पता चलता है कि केजरीवाल ने दूसरे आरोपियों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि केजरीवाल न सिर्फ इस पूरी साजिश में शामिल थे बल्कि रिश्वत लेने और इस क्राइम को लेकर जो चीजें हुईं, वो उसमें भी शामिल थे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में केजरीवाल खुद शराब नीति बनाने के साथ-साथ रिश्वत का पैसा जमा करने में भी शामिल थे। इस केस में जो बयान दर्ज हुए हैं, ये स्टेटमेंट अदालत के समक्ष दर्ज किए गए थे। हाईकोर्ट ने इस दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि अदालत कानून से चलती है, सियासी दबाव से नहीं।

### अरविंद केजरीवाल ने रची थी साजिश

हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ईडी द्वारा एकत्र की गई सामग्री से पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल ने साजिश रची थी। केजरीवाल अपराध की आय के उपयोग और छिपाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। ईडी के मामले से यह भी पता चलता है कि वह निजी तौर पर आम आदमी पार्टी के संयोजक के तौर पर भी शामिल थे। ईडी ने दिल्ली शराब घोटाले मामले में सीएम केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उन्हें कोर्ट ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा है। फिलहाल वह तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### अब 'आप' जाएगी सुप्रीम कोर्ट

अब आम आदमी पार्टी हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने के लिए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी घोषणा की।

### कोर्ट ने 3 अप्रैल को अपना फैसला रख लिया था सुरक्षित

दिल्ली हाई कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दलीलों पर सुनवाई करने के बाद 3 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में हाई कोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने मंगलवार को अपना फैसला सुना दिया है।

### कोर्ट ने आप MLA अमानतुल्ला को भेजा समन



**नई दिल्ली**। दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को जारी नोटिस में उपस्थित न होने पर समन जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 20 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने धारा 50, पीएमएलए व अन्य धाराओं के तहत दायर ईडी की हालिया शिकायत पर संज्ञान लिया। आरोप है कि अमानतुल्ला खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए मानदंडों और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से विभिन्न लोगों की भर्ती की। ईडी ने आरोप लगाया है कि खान ने कर्मचारियों की अवैध भर्ती से नकद में बड़ी रकम अर्जित की और उसे अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने के लिए निवेश किया।

### बैतूल से बसपा प्रत्याशी का निधन, चुनाव स्थगित

**बैतूल**। मध्यप्रदेश में बहुजन समाज पार्टी के बैतूल लोकसभा सीट से प्रत्याशी अशोक भलावी का हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। उन्हें मंगलवार दोपहर को सीने में दर्द महसूस हुआ। उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी का कहना है कि बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी की मौत के संबंध में रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को भेज दी है। अभी जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 52 के तहत 26 अप्रैल 2024 को होने वाली मतदान प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है। आगे निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी।

## UP के पीलीभीत व MP के बालाघाट में पीएम मोदी की रैलियां...कहा-

# मोदी तो भक्त है महाकाल का... मोदी को धमकी नहीं देनी चाहिए

**एजेंसी** | पीलीभीत /बालाघाट

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनाव अभियान तेज हो गया है। उन्होंने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में और मध्य प्रदेश के बालाघाट में चुनाव सभाओं को संबोधित किया और कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। पीलीभीत में उन्होंने प्रधानमंत्री ने तराई की सियासी जमीन से सिख मतदाताओं को भी साधने का प्रयास किया। वहीं बालाघाट में उनकी नजर आदिवासी मतों को साधने पर रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के बालाघाट में जनसभा में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और बढ़ते हुए भारत के कद का जिक्र किया। पीएम ने रैली में खुद को भगवान महाकाल का भक्त बताया। उन्होंने कहा, मोदी के लिए मेरा भारत ही मेरा परिवार है। जो लोग अपना खजाना भरने के लिए राजनीति में आए हैं, उन्हें मोदी को धमकी नहीं देनी चाहिए...मोदी भक्त है महाकाल का। मोदी देश की जनता के सामने या महाकाल के सामने ही झुकता है।" उन्होंने कहा,कभी कांग्रेस सरकार अपनी शिकायतें लेकर दूसरे देशों के पास जाती रहती थी, लेकिन आज वक्त बदल चुका है। दुनिया के बड़े-बड़े देश, आपस में युद्ध कर रहे देश, भारत से अपने मुद्दों पर बात करने के लिए आते हैं।



### विपक्षी गठबंधन पर बरसे, कहा-राम मंदिर का आमंत्रण ठुकराकर किया भगवान का अपमान

पीलीभीत में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी विपक्षी गठबंधन पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का आमंत्रण ठुकराकर इन लोगों ने भगवान श्रीराम का अपमान किया है। विपक्ष के जो लोग प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए थे, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र लग रहा है। सपा और कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही है। विपक्षी गठबंधन भारत को बांटने की साजिश में जुटा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन (विपक्षी गठबंधन इंडिया)को देश की महान विभूतियों का अपमान करने में भी संकोच नहीं होता। कांग्रेस के या समाजवादी पार्टी के बड़े नेता आज तक कभी स्टैच्यू आफ यूनिटी नहीं गए। ये लोग विदेश घूम आते हैं, लेकिन अपने ही देश में सरदार पटेल की प्रतिमा का दर्शन नहीं करते। उन्होंने कहा कि भारत जो भी ठान लेता है, उसे हासिल करके रहता है। उन्होंने कहा कि हम विकसित भारत के संकल्प पर काम कर रहे हैं। अगर नीयत ठीक हो तो नतीजे भी सही मिलते हैं। देशभर में आज विकास की रफ्तार तेज हो गई है। पूरी दुनिया में आज भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि जनता एक बार फिर से मोदी सरकार लाने जा रही है। उन्होंने कहा, मेरे जीवन का हर पल, हर क्षण जनसेवा और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति को लेकर सपा और कांग्रेस पर निशाना साधा।

### आजादी के बाद भी कांग्रेस पुरानी सोच पर चली

उन्होंने आगे भी आजादी के आंदोलन को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला किया। पीएम ने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस बहुत ही पुरानी सोच पर चली। एक तो उनके मन में आजादी के आंदोलन का अहंकार भरा पड़ा था और सामान्य मानवी ने जो आजादी के आंदोलन में त्याग किया, तपस्या की और बलिदान दिया, उसे सत्ता में आते ही कांग्रेस ने नकार दिया।

### भाजपा सरकार की वंचितों को वरीयता

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार वंचितों को वरीयता देते हुए काम कर रही है। भाजपा ने समाज के उस दलित-पिछड़ा-आदिवासी वर्ग को सम्मान दिया है, जिसे पिछली सरकारों ने पहचानने से भी वंचित रखा था।

### वरुण गांधी नहीं आए सभा में

बता दें कि पीलीभीत से वरुण गांधी मौजूदा सांसद हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उसको दोबारा टिकट नहीं दिया है। इस सीट से पार्टी ने कांग्रेस से भाजपा में आए जतिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। पीएम मोदी जतिन प्रसाद के समर्थन में रैली के लिए पीलीभीत पहुंचे। उसके साथ मंच पर सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। वरुण गांधी भी रैली में नजर नहीं आए। भाजपा के पोस्टर-बैनर से भी वरुण गांधी गायब रहे।

### नजर आई मोदी-योगी की केमिस्ट्री

पीलीभीत में भाजपा की चुनावी सभा में पीएम मोदी और सीएम योगी की केमिस्ट्री भी नजर आई। दरअसल, मंच पर भाषण देने के लिए जब सीएम योगी पीछे से पोडियम की तरफ जाने लगे तो प्रधानमंत्री मोदी ने उनका हाथ पकड़ लिया और मुस्कुराते हुए उन्हें अपने सामने से जाने लिए इशारा किया। योगी ने अपने संबोधन में तुष्टीकरण की राजनीति को लेकर सपा और कांग्रेस पर निशाना साधा।

## 'मिशन दक्षिण': चेन्नई में रोड शो, कच्चाथीवू मुद्दा उठाया

**एजेंसी** | चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपने तूफानी चुनाव अभियान के तहत शाम को तमिलनाडु के चेन्नई पहुंचे जहां उन्होंने एक रोड शो किया।

उनके साथ राज्य भाजपा प्रमुख के.अन्नामलाई और दक्षिण चेन्नई से पार्टी के उम्मीदवार तमिलिसाई सौंदर्यराजन भी नजर आए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कच्चाथीवु मुद्दे को लेकर एक बार फिर कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना



साधा। उन्होंने कहा कि कच्चाथीवु को श्रीलंका को सौंपकर दोनों पार्टियों ने देश के रणनीतिक हितों को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक पर भी कटाक्ष किया और आरोप लगाया कि वह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती जा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि चेन्नई के लोगों ने डीएमके को वोट तो दिए।

पार्टी ने शहर के लिए कुछ खास नहीं किया। डीएमके भ्रष्टाचार और पारिवारिक शासन को बढ़ावा देने में व्यस्त है और उसके सांसद लोगों के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

### तमिलनाडु का मूड स्पष्ट है: अन्नामलाई

पीएम मोदी के रोड शो के बाद तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई ने कहा कि जब प्रधानमंत्री चेन्नई आते हैं तो चेन्नई की जनता उनका अपने बेटे की तरह स्वागत करती है। पीएम मोदी के रोड शो को ऐतिहासिक करार देते हुए उन्होंने कहा कि इस रोड शो के माध्यम से तमिलनाडु का मूड बहुत स्पष्ट है।

## चुनाव आयोग का अहम फैसला

# प.बंगाल: अब चुनाव से जुड़े सभी वाहनों पर GPS लगेंगे

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दौरान निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। इसके तहत चुनाव आयोग ने चुनाव के समय इस्तेमाल होने वाली सभी गाड़ियों में जीपीएस लगाने का निर्णय किया है। चुनाव आयोग ने यह आदेश चुनाव अधिकारियों को भेज दिया है। आयोग ने कहा है कि वह गाड़ियों में लगे इन जीपीएस से ईवीएम की गतिविधि पर नजर रखेगा। चुनाव आयोग मतगणना सामग्री बांटने वाले केन्द्रों से लेकर पोलिंग बूथ तक यह गतिविधि जांचेगा। कोई भी गड़बड़ी होने पर चुनाव अधिकारी और ड्राईवर को तलब किया जाएगा। अधिकारी ने बताया, 'चुनाव से एक दिन पहले वितरण/फैलाव केंद्र और




प्राप्ति केंद्र (डीसीआरसी) से मतदान केंद्र तक ईवीएम और अन्य मतदान सामग्री की आवाजाही पर नजर रखने के लिए जीपीएस ट्रैकिंग प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा यह सुनिश्चित किया जाए कि मतदान के बाद स्ट्रांग रूम में लाते समय कोई छेड़छाड़ न हो। चुनाव आयोग ने प्रशासन से कहा है कि अगर कोई गड़बड़ी नजर आती है तो तुरंत कार्रवाई की जाए, साथ ही संबंधित वाहनों के ड्राइवरों और ईवीएम के प्रभारी कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाए।

### अर्नब चटर्जी संयुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त

इस बीच, आयोग ने सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव अर्नब चटर्जी को सीईसी में संयुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि चटर्जी ने राहुल नाथ का स्थान लिया है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों में चुनाव होगा। बंगाल की 42 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 07 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होंगे। देशभर में चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे।

## महुआ के फूल चुन रही महिलाओं से मिले राहुल

**एजेंसी** |भोपाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हेलिकॉप्टर का फ्यूल खत्म होने के चलते सोमवार रात शहडोल में बितानी पड़ी। मंगलवार की सुबह जब राहुल गांधी शहडोल से उमरिया की तरफ जा रहे थे, तभी रास्ते में उन्हें महुआ बिनती महिलाएं दिखीं और उन्होंने अपने वाहन के काफिले को रुकवा कर इन महिलाओं से न केवल चर्चा की, बल्कि उनकी समस्याएं भी जानीं। मध्य प्रदेश के घने जंगलों में महुआ के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं और आदिवासी समुदायों के लिए आजीविका का मुख्य स्रोत हैं। सोमवार को राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार के दौरान मध्य प्रदेश के सिवनी और मंडला जिलों में रैलियों को संबोधित किया कांग्रेस नेता ने कहा, जंगल में महिलाओं को महुआ बीनते हुए देखने के तुरंत बाद, गांधी ने अपना वाहन रोका, उनके बीच पहुंचे और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। जमीन पर पड़े महुआ भी उन्होंने उठा कर देखे।

**महाराष्ट्र: एमवीए में सीटों का बंटवारा**

# कांग्रेस में असंतोष के सुर हुए मुखर, बैकफुट पर नजर आने लगी पार्टी

**एजेंसी** | मुंबई

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में कई दिनों तक चले मंथन के बाद सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। इसके तहत शिवसेना (उद्धव गुट) 21, एनसीपी (शरतचंद्र पवार) 10 और कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। कई दौर की बैठकों के बाद सीटों के बंटवार की घोषणा मंगलवार को मुंबई में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की गई। इस बीच, सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस के नेताओं में नाराजगी होने की खबर है। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री




उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमने यह सीट बंटवारा जीतने के उद्देश्य से किया है।

अब जनता फैसला करेगी। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने कहा कि सीटों के बंटवारे को लेकर कोई नाराजगी नहीं है। सूत्रों के अनुसार सीटों के बंटवारे को लेकर एमवीए नेताओं को 23 बैठकों के बाद सहमति बन सकी। नाराज कांग्रेस नेता दिल्ली तक आलाकमान से संपर्क कर हल निकालने में जुटे रहे लेकिन साथी दलों ने उम्मीदवार घोषित कर कांग्रेस को बैकफुट पर ला दिया।

### कौन कितनी सीटों पर लड़ेगा चुनाव

- शिवसेना (यूबीटी) 21
- एनसीपी(शरद पवार) 10
- कांग्रेस 17

### क्यों नाराज हैं कांग्रेस के कई नेता

- पार्टी के हिस्से में वे कई सीटें भी नहीं आई जहां वह परम्परागत रूप से प्रभावशाली है।
- कुछ सीटों पर अन्य दलों ने सहमति बनने से पहले ही प्रत्याशी कर दिए घोषित
- सांगली व भिवंडी सीटें नहीं मिलने से है रोष

### वर्षा नहीं आई प्रेस कॉन्फ्रेंस में

लेकिन सीट बंटवारे के ऐलान से कई नेता नाराज बताए जा रहे हैं। इसमें मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ भी शामिल हैं। वर्षा एमवीए की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी नहीं आईं। वर्षा अपने दिवगंत पिता एकनाथ गायकवाड़ की मुंबई दक्षिण मध्य सीट से चुनाव लड़ना चाहती थीं, लेकिन ये सीट उद्धव गुट को दी गई है।

### एक कदम पीछे खींचा है: नाना पटोले

इस बीच, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी ने एमवीए गठबंधन सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे की बातचीत में आत्मसमर्पण नहीं किया है बल्कि एक कदम पीछे लिया है क्योंकि बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी। पटोले का बयान तब आया जब कांग्रेस द्वारा सांगली और भिवंडी जैसी सीटें छोड़ने पर राज्य इकाई में असंतोष के सुर सामने आने लगे। पटोले ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी आलाकमान के साथ विचार-विमर्श के बाद समझौते को अंतिम रूप दिया।

### इसलिए झुकी कांग्रेस

राजनीति के जानकारों का मानना है कि कांग्रेस गठबंधन को मजबूत करने के लिए टूटी हुई शिवसेना और टूटी हुई एनसीपी के सामने झुकी है। इस फैसले में केंद्रीय नेतृत्व की भूमिका रही है। कांग्रेस ने अपनी परंपरागत सीटों पर भी समझौता किया है। कांग्रेस दक्षिण मध्य मुंबई, सांगली, उत्तर पश्चिम मुंबई सीट चाहती थी। भिवंडी सीट एनसीपी(शरद पवार)-कांग्रेस के बीच नाराजगी की वजह बनी थी। हालांकि इंडिया गठबंधन की तरफ से दावा किया जा रहा है कि अब तमाम विवादों को सुलझा लिया गया है।

## जरूरी खबर

### CBI ने के. कविता से तिहाड़ जेल में की पूछताछ



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बीआरएस नेता के. कविता से दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में तिहाड़ जेल में पूछताछ की। कविता फिलहाल तिहाड़ जेल में हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विशेष अदालत ने एजेंसी को सह-आरोपी बुची बाबू के फोन से बरामद 'व्हाट्सएप चैट' और एक भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों पर पूछताछ करने की अनुमति दी थी। पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता पर साउथ ग्रुप की प्रमुख सदस्य होने का आरोप लगाया गया है। राजधानी में शराब लाइसेंस के एक बड़े हिस्से के बदले में आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ रुपए की रिश्वत देने का आरोप है।

### BRS की बैठक में शामिल हुए सरकारी कर्मी, 106 निलंबित

**सिद्दीपेट (तेलंगाना)।** चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले में 106 सरकारी कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। भारत राष्ट्र समिति की बैठक में भाग लेने के आरोप में इन कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि 7 अप्रैल की रात एक समारोह हॉल में हुई बैठक में बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी शामिल हुए थे।

### 22 प्रत्याशी घोषित लालू यादव की दो बेटियों को टिकट



**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर राष्ट्रीय जनता दल ने 22 उम्मीदवारों की नई सूची जारी की है। सूची में बीमा भारती, लालू की बेटी मीसा भारती और श्रवण कुमार कुशवाहा समेत 22 प्रत्याशियों के नाम हैं। मीसा भारती का पाटिलपुत्र और लालू की एक और बेटी रोहिणी आचार्य को सारण से प्रत्याशी बनाया गया है। हालांकि उन्हें सिंबल पहले ही दे दिया गया था। बक्सर से पूर्व कृषि मंत्री एवं आरजेडी प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे सुधाकर सिंह को टिकट दिया है। दरभंगा से ललित यादव, सुपौल से चंद्रहास चौपाल, वैशाली से मुन्ना शुक्ला, अररिया से शाहनवाज आलम और मधुबनी से अली अशरफ फातमी को प्रत्याशी बनाया गया है।

## डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज पहुंचे सेनाध्यक्ष जनरल पांडे




*वेलिंगटन। सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज के 79 वें पाठ्यक्रम में शामिल सैन्य अधिकारियों को संबोधित किया। इस मौके पर जनरल पांडे सैन्य अधिकारियों के साथ।*

## चंद्रयान-3 मिशन टीम को स्विगर्ट जूनियर पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारत की चंद्रयान-3 मिशन टीम को अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए प्रतिष्ठित 2024 जॉन एल 'जैक' स्विगर्ट जूनियर पुरस्कार मिला है। कोलोराडो में वार्षिक अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के दौरान सोमवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डी सी मंजूनाथ ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। स्पेस फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीदर प्रिंगल ने जनवरी में पुरस्कार की घोषणा के समय एक बयान में कहा था, अंतरिक्ष में भारत का नेतृत्व दुनिया के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण चंद्रयान-3 टीम के अग्रणी कार्य ने अंतरिक्ष अन्वेषण के स्तर को फिर से बढ़ा दिया है। उनकी उल्लेखनीय चंद्र लैंडिंग हम सभी के लिए एक मॉडल है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले पहले देश के रूप में, इसरो द्वारा विकसित मिशन चंद्रयान-3 मानवता की अंतरिक्ष अन्वेषण आकांक्षाओं को समझ और सहयोग के लिए नए क्षेत्रों तक विस्तारित करता है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रैगन को करारा जवाब

# अरुणाचल प्रदेश है भारत का अभिन्न हिस्सा... था और रहेगा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों के नाम बदलने के विवाद के बीच, पीएम मोदी ने सोमवार को कहा कि यह उत्तर-पूर्वी राज्य भारत का अभिन्न अंग है,था और हमेशा रहेगा।

इस पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह इस बात से स्पष्ट है कि कैसे केंद्र सरकार के विकास कार्य अरुणाचल और पूर्वोत्तर में सूर्य की पहली किरणों की तरह तेजी से पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी ने असम ट्रिब्यून को दिए एक इंटरव्यू में यह बात कही। हाल ही में चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के 30 विभिन्न स्थानों के नाम बदलने की घोषणा के मद्देनजर पीएम मोदी की



टिप्पणी बहुत ही अहम है। मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में बने 'सेला टनल' के महत्व का भी जिक्र किया। बता दें कि ये दुनिया की सबसे लंबी डबल-लेन टनल है। उन्होंने कहा कि यह एक वास्तविक रणनीतिक गेम-चेंजर है, जो तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करती है। यह पूछे जाने पर कि क्या राज्य सुरक्षित है और यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए जा रहे हैं।

### घुसपैठ रोकने के लिए कई कदम उठाए

पीएम मोदी ने कहा, घुसपैठ रोकने और हमारी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए, सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। इन कदमों में भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था को समाप्त करने का निर्णय, भारत-म्यांमार सीमा पर सीमा सुरक्षा बलों की प्रभावी तैनाती और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय शामिल है।

### अवैध प्रवासियों का बायोमीट्रिक डेटा एकत्र करने का अभियान

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने मिजोरम सरकार से अवैध प्रवासियों से बायोमीट्रिक डेटा एकत्र करने के लिए एक अभियान शुरू करने और बायोमेट्रिक कैप्चर योजना के कार्यान्वयन के लिए उपकरण और सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, हम जमीन पर बदलती वास्तविकताओं से तालमेल बिठाने के लिए नीतिगत बदलाव ला रहे हैं। हम जल्द से जल्द म्यामां में शांति और स्थिरता की वापसी देखना चाहते हैं ताकि ये लोग शांतिपूर्वक अपने देश लौट सकें।

### भ्रामक विज्ञापनों का मामला

## रामदेव-बालकृष्ण ने फिर मांगी माफी

**एजेंसी** | नई दिल्ली



योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने कंपनी के उत्पादों को लेकर जारी भ्रामक विज्ञापनों के मामलों में सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। अदालत में दायर दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए भी माफी मांगी है। दोनों ने इस महीने की शुरुआत में भी व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए थे और माफी मांगी थी।

कोर्ट ने दोनों को निजी तौर पर सुप्रीम कोर्ट में पेश होने के लिए कहा था। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। दोनों ने पतंजलि आयुर्वेद से जुड़े भ्रामक विज्ञापनों के संबंध में बिना शर्त माफी मांगी और कहा कि इस गलती पर उन्हें खेद है और कोर्ट को आश्वस्त करना चाहते हैं कि ऐसा दोबारा नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर एक मुकदमे पर सुनवाई कर रही है, जिसमें आधुनिक, साक्ष्य-आधारित चिकित्सा को कमजोर करते हुए आयुष उपचार प्रणाली को बढ़ावा देने वाले विज्ञापनों के लिए पतंजलि के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।

गौरतलब है कि 21 नवंबर, 2023 के आदेश में शीर्ष अदालत ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा।

### अरुणाचल के कुछ इलाकों के नाम बदलने पर ड्रैगन को दो टूक ...

## किसी भी गलफतफहमी में नहीं रहे चीन

**एजेंसी** | नमसाई (अरुणाचल प्रदेश)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयासों को खारिज कर दिया और सवाल किया कि क्या भारत के भी ऐसा ही करने से पड़ोसी देश के वे इलाके हमारे क्षेत्र का हिस्सा बन जाएंगे। एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने यह भी कहा कि अगर कोई भारत के सम्मान और स्वाभिमान को चोट पहुंचाने की कोशिश करता है, तो देश अब इसका जवाब देने की क्षमता रखता है। उनकी यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद



के बीच आई है। पिछले महीने के अंत में, बीजिंग ने अरुणाचल प्रदेश में 30 और स्थानों के लिए चीनी नामों की घोषणा की थी।

पड़ोसी देश अरुणाचल प्रदेश पर तिब्बत के दक्षिणी भाग के रूप में दावा करता है। भारत पहले ही चीन की कार्रवाई को मूर्खतापूर्ण बता चुका है। उन्होंने कहा, मैं अपने पड़ोसी को बताना चाहता हूं कि अगर कल हम चीन के कुछ हिस्सों में कुछ राज्यों के नाम बदल देंगे, तो क्या नाम बदलने से चीन के वे राज्य हमारे हो जाएंगे? सिंह ने कहा कि चीन को इस गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए कि वे राज्य में स्थानों के नाम बदलकर अरुणाचल प्रदेश पर दावा कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि ऐसी हरकतों से भारत और चीन के रिश्ते खराब होंगे। रक्षा मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों की भी सराहना की और उन्हें रणनीतिक संपत्ति बताया।

### हमारी एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता चीन

दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो टूक कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में चीन 'एक इंच' जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता। जनता कभी नहीं भूल सकती कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1962 में चीन हमले के दौरान असम और अरुणाचल प्रदेश को 'बाय-बाय' कह दिया था। शाह ने कहा कि पहले असम की बांग्लादेश से लगती सीमा घुसपैठ के लिए खुली थी।

### सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

## उम्मीदवार को हर चल संपत्ति की जानकारी देने की जरूरत नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को उनकी हर संपत्ति की जानकारी देना जरूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवारों की भी निजता होती है और अगर उनकी कोई संपत्ति का वोटिंग से लेना-देना नहीं है तो इसके बारे में बताना भी जरूरी नहीं है। हालांकि ध्यान रखने की जरूरत है कि वह संपत्ति विलासितापूर्ण ना हो और उसकी कीमत बहुत ज्यादा ना हो। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला 2019 में



अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में तेजी सीट से निर्दलीय विधायक कारिखो क्रि के चुनाव को बरकरार रखते हुए सुनाया है।

जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने गौहाटी हाई कोर्ट का वह फैसला खारिज कर दिया जिसमें कारिखो क्रि के चुनाव को अमान्य करार दे दिया गया था।

याचिका में कारिखो क्रि के विरोधी ने दावा किया था कि कारिखो क्री ने चुनाव से पहले अपनी पत्नी के तीन वाहनों की जानकारी नहीं दी थी जिससे चुनाव पर अनुचित प्रभाव पड़ा। वहीं कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले ही ये वाहन या तो गिफ्ट में दे दिए गए थे या फिर बेच दिए गए थे। ऐसे में ये वान अब क्रि के परिवार के स्वामित्व में नहीं हैं।

### रेलवे एक और मुकाम हासिल करने के करीब

# रेलवे: शत प्रतिशत विद्युतीकरण इसी साल, विदा हो जाएंगे डीजल इंजन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रेलवे अगले कुछ महीनों में, यानी इस वित्तीय वर्ष के अंत से काफी पहले, अपने ब्रॉड गेज नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण करने का लक्ष्य हासिल कर लेगा। यानी डीजल इंजिनों की विदाई अब निकट है। ब्रॉड गेज का 95 प्रतिशत विद्युतीकरण का काम पूरा हो चुका है।

शत प्रतिशत विद्युतीकरण के साथ, भारतीय रेलवे दुनिया की सबसे बड़ी हरित रेलवे बन जाएगी। गौरतलब है कि इस वर्ष पेश हुए अंतरिम बजट में आगे की विद्युतीकरण परियोजनाओं के लिए 6500 करोड़ रुपए आवंटित




किए गए हैं। भारत में पहले से ही कई क्षेत्र 100 प्रतिशत विद्युतीकृत हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि भारत अपने विशाल नेटवर्क का तेजी से विद्युतीकरण कर भविष्य के लिए महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। साल 2023-24 के दौरान कुल मिलाकर 7188 किलोमीटर रूट को विद्युतीकृत किया है, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। भारतीय रेलवे ने अलग अलग परियोजनाओं पर जोर देकर अपने ब्रॉड गेज नेटवर्क के लगभग 95 प्रतिशत हिस्से को बिजली पर निर्भर कर दिया है।

### रेलवे के पास अब भी हैं 4,543 डीजल इंजन

साल 2014 से लेकर अब तक रेलवे ने विद्युतीकरण पर 46,425 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए हैं। हालांकि डीजल इंजनों की तुलना में अधिक इलेक्ट्रिक इंजनों के साथ हालात अब पूरी तरह से बदल चुके हैं। लेकिन डीजल इंजनों को रिटायर करने और उनकी जगह इलेक्ट्रिक इंजन लाने में कुछ समय लगेगा। दिसंबर 2023 तक रेलवे के पास 10,238 इलेक्ट्रिक और 4,543 डीजल इंजन थे।

### कार्बन उत्सर्जन में होगी कटौती

रेलवे ने 2023-24 में 7,188 किलोमीटर रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण किया। पिछले साल जिन मार्गों का विद्युतीकरण किया गया उनमें अहमदाबाद-राजकोट-ओखा (499 किमी), बेंगलुरु-तालगुप्पा (371 किमी), और भटिंडा-फिरोजपुर-जालंधर (301 किमी) शामिल हैं। इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन में बदलाव से 2027-28 तक कार्बन उत्सर्जन में 24 प्रतिशत की कटौती होने की संभावना है।

### नौगुना तेजी से हो रहा है रेल विद्युतीकरण

2014-15 के बाद से, रेलवे ने ब्रॉड गेज नेटवर्क पर 40,000 से अधिक रूट किमी का विद्युतीकरण किया है, जबकि 2014 से पहले के सभी वर्षों में यह केवल 21,80 किमी था। अधिकारियों का कहना है कि रेल विद्युतीकरण एक दशक पहले की तुलना में नौ गुना तेजी से हो रहा है, जो 2014-15 में 1.42 किमी प्रति दिन से बढ़कर 2023-24 में लगभग 19.6 किमी प्रति दिन हो गया है।

### विद्युतीकरण में ब्रिटेन और अमेरिका से भी आगे है भारत

रेल विद्युतीकरण के मामले में भारत यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और अमेरिका से बहुत आगे है। एनर्जी मॉनिटर और भारतीय रेलवे के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय रेलवे 95 प्रतिशत विद्युतीकृत है, जबकि यूरोपीय संघ में 56 प्रतिशत, यूके में 38 प्रतिशत और अमेरिका में केवल एक प्रतिशत विद्युतीकृत है। हालांकि, स्विट्जरलैंड 99 प्रतिशत विद्युतीकृत है।

**IPL: होम ग्राउंड पर प्रैक्टिस के दौरान गुजरात टाइटंस से मस्ती करते दिखे रॉयल्स**

# फटाफट क्रिकेट का रोमांच आज गिल और बटलर का दिखेगा जलवा

**बेधड़क.जयपुर।** गुलाबी नगरी में बुधवार को फटाफट क्रिकेट का रोमांच होगा और इसके लिए मंगलवार को टीमों ने जमकर प्रैक्टिस की। राजस्थान रॉयल्स अपने विजेता रथ को जारी रखना चाहेगा और इसके लिए उन्होंने अपने होम ग्राउंड पर प्रैक्टिस करते हुए पसीना बहाया और गुजरात टाइटंस के खिलाड़ियों के साथ मस्ती भी की। गौरतलब है, कि राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। मैच में राजस्थान की टीम अपनी जीत बरकरार रखने के लिए मैदान में उतरेगी। वहीं गुजरात टाइटंस की टीम राजस्थान को हराकर प्वाइंट्स टेबल में बढ़त हासिल करने का प्रयास करेगी। दूसरी ओर विजेता टीम के स्टार बल्लेबाज बटलर की बेटिंग का युवाओं को इंतजार है।





फोटो: पंकज शर्मा



## शुभमन का रहेगा इंतजार

जयपुराइट्स ने पिछले मैच में आरसीबी के विराट कोहली को सिर आंखों पर लिया था। अब शुभमन के लिए युवा इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने इसके लिए विशेष तैयारी की है और बुधवार शाम को शुभमन को अपने-अपने तरीके से चीयरअप करेंगे।



## दोनों टीमों के लिए मैच महत्वपूर्ण

रॉयल्स टॉप पर हैं और गुजरात चाहेंगे, कि पॉइंट टेबल पर उपर आए। इसके लिए दोनों टीमों के प्लेयर्स ने मंगलवार को प्रैक्टिस के दौरान कोचों के साथ स्ट्रेटर्जी भी तैयार की। ऐसे में गुजरात के कोच पूर्व बॉलर आशीष नेहरा ग्राउंड पर दिखाई दिए। उन्होंने प्लेयर्स को जयपुर के हिसाब से ढलने और रॉयल्स के प्लेयर्स की कमजारियों आदि के बारे में बताते हुए स्पेशल तरीके से प्रैक्टिस कराने की कोशिश की।

## आकाशवाणी जयपुर ने मनाया 69वां स्थापना दिवस





**बेधड़क. जयपुर।** आकाशवाणी केंद्र जयपुर ने मंगलवार को अपना 69वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर केंद्र की ओर से 'यादों का कारवां' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आकाशवाणी के सेवानिवृत्त अधिकारियों और प्रसारणकर्मियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान केंद्र के कार्यक्रम और समाचार प्रमुख निलेश कुमार कालभोर ने श्रोताओं को रेडियो से जोड़े रखने के लिए प्रसारणकर्मियों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी को मिलकर नई सोच के साथ काम करने की जरूरत है। कार्यक्रम में क्लस्टर प्रमुख सतीश देपाल और केंद्र के अभियांत्रिकी प्रमुख लोकेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिशासी रेशमा खान ने किया। गौरतलब है कि आकाशवाणी ने देश के सुदुर इलाकों तक सूचनाओं के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही सूचना, शिक्षा, मनोरजंन आधारित कार्यक्रमों के अलावा सटीक समाचारों के प्रसारण से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में विशेष भूमिका अदा की है। आकाशवाणी के जयपुर केंद्र ने 9 अप्रैल 1955 से प्रसारण की शुरुआत की थी।

## अनिल कपूर आज जयपुर में

**बेधड़क. जयपुर।** अभिनेता अनिल कपूर बुधवार को जयपुर में होंगे और फिक्की फ्लो चेयरपर्संस के साथ मैंबर्स से रूबरू होते हुए जर्नी शेयर करेंगे। जय महल पैलेस में शाम 5:15 बजे से होने वाले प्रोग्राम में अनिल कपूर महिलाओं को उत्साहित करेंगे और प्रेरित करेंगे कि किस प्रकार फिटनेस और कड़ी मेहनत जीवन का जश्न मनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। अपनी व्यक्तिगत सफलता की कहानी से बातें साझा करेंगे, जिसमें फिटनेस और समर्पण का महत्व उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में कैसे महत्वपूर्ण है का उल्लेख किया जाएगा।

## बॉलीवुड सांग्स में जयपुर का टैलेंट



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के युवा एक्टर मानव सोनी ने सॉन्ग ना जाने क्यूं और हाय री मेरी मोटो फेम अंजली राघव के साथ उड़ा दे अफवाह ना कोई गाने में काम कर टैलेंट दर्शाया। उन्होंने बताया, कि जयपुर से ही कोरियोग्राफर कर धीरे-धीरे कई बड़े सॉन्ग को कोरियोग्राफ किया। फिर अभिनेता के रूप में कैमरे कै सामने टैलेंट दर्शाया। सोनी ने बताया, कि राजस्थानी, हरियाणवी, पंजाबी, भोजपुरी और हिंदी सिनेमा में गानों, शॉर्ट फिल्म्स और वेब सीरीज प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साहित हैं। जल्द ही नए प्रोजेक्ट्स में दिखाई देंगे। हालही में हरियाणवी सॉन्ग 'फेमस बहू' गाना डायरेक्ट किया है।

# City इवेंट्स

## जयपुर एलीट और रॉयल क्लब की जीत



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे मुकाबलों के तहत मंगलवार को रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड में पांचवें दिन मैच नंबर 30 और 31 खेला गया। इसमें सभी टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि पहला मैच जयपुर एलीट और ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। इसमें जयपुर एलीट ने मैच 2-0 से जीत हासिल की। दूसरा मैच रॉयल फुटबॉल क्लब और फुटसाल फुटबॉल क्लब के बीच खेला। इसमें रॉयल फुटबॉल क्लब ने मैच 2-1 से जीता।

## ज्वैलर्स ने किया प्याऊ का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** ज्वैलर्स एसोसियेशन जयपुर के सीएसआर कमेटी चेयरमैन राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि अध्यक्ष डीपी खंडेलवाल व मानद मंत्री नीरज लुणावत के साथ आगरा रोड पर राहगीरों के लिए ठंडे पानी की प्याऊ का उद्घाटन किया गया। संस्था सदस्यों ने पूर्व में भी जगह-जगह प्याऊ व्यवस्था की है। इस अवसर पर एसोसिएशन उपाध्यक्ष आलोक सोंखिया, संयुक्त सचिव राजू मंगोड़ीवाला, कोषाध्यक्ष गोविन्द अग्रवाल, महावीर डागा, अजय गोधा, अभिषेक जैन, बिट्ठल दास माहेश्वरी, राम शरण गुप्ता, विजय केडिया सहित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक परिवार-एक परिंडा अभियान शुरू




**बेधड़क. जयपुर।** अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति की ओर से नवसंवत्सर से मंगलवार को एक परिवार-एक परिंडा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अभियान का पोस्टर विमोचन भी किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ताराचंद नाटाणी, महामंत्री दीनदयाल नाटाणी ने बताया कि अभियान जागेश्वर शिव मंदिर एलएस नगर नया खेड़ा विद्याधर नगर में शुरू हुआ जो 17 अप्रैल तक प्रदेशभर में चलेगा। कार्यक्रम के संयोजक गोविंद नाटाणी ने बताया कि प्रदेशभर में संस्था की ओर से जयपुर में 2100 परिंडे सरकारी विद्यालयों, अस्पतालों एवं मंदिरों में वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष विनोद नाटाणी, मुरारीलाल नाटाणी, राकेश नाटाणी, संयुक्त मंत्री कपिल नाटाणी, राहुल नाटाणी, कार्यालय मंत्री पंकज नाटाणी कोषाध्यक्ष अंकित नाटाणी पूर्व अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, श्याम सुन्दर नाटाणी, रामकिशोर नाटाणी, गोपाल लाल नाटाणी पूर्व महामंत्री कैलाश नाटाणी मौजूद रहे।

**नितेश की रामायण के लिए ट्रेनिंग ले रहे रणबीर**

# राम बनने के लिए जमकर पसीना बहा रहा 'एनिमल'





रणबीर कपूर अब राम बनने की तैयारी में जुट गए हैं। उन्हें जल्द ही नीतेश तिवारी की रामायण की शूटिंग जो स्टार्ट करनी है। इस फिल्म के लिए रणबीर ट्रेनिंग के दौरान जमकर पसीना बहा रहे हैं। उनकी इस ट्रेनिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

यह वीडियो रणबीर के कोरियन ट्रेनर नैम ने शेयर किया है। इसमें रणबीर के अलावा उनकी बेटी राहा और वाइफ आलिया भी नजर आ रही हैं। नैम ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें रणबीर हार्डकोर ट्रेनिंग करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक्टर कार्टव्हील्स, वेट लिफ्टिंग, जॉगिंग, कोर एक्सरसाइज और स्विमिंग के अलावा हाइक करते भी दिख रहे हैं। इसे शेयर करते हुए नैम ने लिखा, 'डीकम्प्रेशन वीक के लिए हम कंट्रीसाइड गए थे। वर्क इन प्रोग्रेस विद रणबीर।'

## फैंस बोले- सही हाथों में किरदार

इस वायरल वीडियो के कमेंट सेक्शन में फैंस एक्टर की जमकर तारीफ कर रहे हैं। इससे पहले भी नैम ने रणबीर की एक फोटो शेयर की थी जिसमें एक्टर हेडस्टैंड करते नजर आए थे। नैम ने बताया था कि यह एक्टर का पहला हेडस्टैंड है। इस फिल्म में रणबीर के अपोजिट सीता के रोल में साई पल्लवी और रावण के रोल में 'केजीएफ' फेम सुपरस्टार यश नजर आएंगे।

**राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने किया आयोजन**

# शिक्षा संकुल में मुंह मीठा करवा कर किया नववर्ष का स्वागत

बेधड़क | जयपुर






राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से डॉक्टर अरुणा शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2081 युगाशब्द 5156 का स्वागत शंखनाद शिक्षा संकुल से किया गया। इस उपलक्ष्य में शिक्षा संकुल में निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, समग्र शिक्षा आयुक्त व राज्य परियोजना समन्वयक अविचल चतुर्वेदी, आईएएस अधिकारी चित्रा गुप्ता, संयुक्त निदेशक जयपुर संभाग मंजू शर्मा, स्टेट ओपन बोर्ड सचिव लवानिया, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय राजेंद्र हंस, जिला शिक्षा अधिकारी विधि, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शाला दर्पण प्रकोष्ठ, आईटी सेल, साक्षरता विभाग, भाषा विभाग में अधिकारियों-कर्मचारियों को चंदन तिलक लगाया। वहीं, सांगानेर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा सांगानेर शहर और ग्रामीण द्वारा तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर नव संवत्सर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जयपुर शहर जिलाध्यक्ष पवन पाण्डेय के साथ दोनों उपशाखाओं से अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव सिंहा, मंत्री रुप नारायण शर्मा, पंकज गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज छीपी, महिला मंत्री सीमा अरोड़ा, महिला उपाध्यक्ष अंजु हारीत, नरेश शर्मा व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नववर्ष मनाया।

**स्थापना दिवस** **राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ ने हरिशंकर परसाई की जन्मशती मनाई**

# आज मूर्खता अमर है और बुराई पर देश भक्ति की पॉलिश

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से स्थापना दिवस 'हरिशंकर परसाई की जन्मशती' के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हेतु भारद्वाज ने कहा कि परसाई के दृष्टिकोण ने जीवन के सभी फलकों का स्पर्श किया। उन्होंने अपने लेखन में सभी विसंगतियों पर भरपूर कटाक्ष किया। व्यंग्य के लिए जरूरी साहस है। व्यवस्था के विरुद्ध आवाज उठाने की ताकत, क्योंकि साहस से ही प्रहार किया जा सकता है।



## एक लेखक लोगों को करता है जागरूक

व्यंग्यकार-पत्रकार यशवंत व्यास ने कहा कि लेखक क्रांति के लिए नहीं लिखता, बल्कि लोगों को जागरूक करने के लिए लिखता है। आज हर लेखक ने चींटी पर हथौड़ा मारने को ही व्यंग्य मान लिया है, जो उचित नहीं है। व्यंग्य के लिए आपका अपना अनुभव लिखिए। डॉ. राघव प्रकाश ने कहा कि आज समाज को आगे ले जाने के लिए विचारशीलता की आवश्यकता है। समाज में आज स्वस्थ बहसें समाप्त हो गई है। अच्छे विचारों का अभाव हो गया है। अभिव्यक्ति की उत्कृष्ट शैली व्यंजना में कहना महत्वपूर्ण है। परसाई की यही ताकत उन्हें लोकप्रिय बनाती है।

## बड़ों पर किया जाता है व्यंग्य

डॉ. रेणु व्यास का कहना था कि हास्य अपने से छोटे पर किया जाता है, जबकि व्यंग्य बड़ों पर किया जाता है। व्यंग्य एक असुविधाजनक विधा है, जो प्रायः लेखकों-पाठकों को असहज बना देती है। व्यवस्था आपको जेल में तो डाल सकती है, लेकिन आपकी आवाज को नहीं दबा सकती। उन्होंने कहा, कि आज चुनौतियों से लड़ने के लिए हर आदमी के जूते फटे हैं। आज मूर्खता अमर हो गई है और बुराई को ढकने के लिए देश भक्ति की पॉलिश आ गई है। आज महाजन जिस पथ पर चले वही धर्म है।

## कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में रजनी मोरवाल, गोविंद माथुर, अजय अनुरागी, प्रभाशंकर उपाध्याय, प्रभात गोस्वामी, राजेंद्र मोहन शर्मा, उमा, प्रेमलता सोनी, कविता मुखर, अनीता श्रीवास्तव ने भी विचार रखे।

वस्तुओं से हीन होते जाने का अर्थ है, व्यक्तित्व से सम्पन्न होते जाना।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



रूस से लड़ाई में यूक्रेन के लिए बना ब्रह्मास्त्र, कहा जा रहा भविष्य का हथियार

# अमेरिका ने दिया यूक्रेन को पैट्रियट डिफेंस सिस्टम



एजेंसी | वॉशिंगटन

यूक्रेन बीते दो साल से ज्यादा समय से रूस के साथ युद्ध लड़ रहा है। अमेरिका ने ऐसे कई हथियार यूक्रेन को दिए हैं, जो उसके लिए इस जंग में ब्रह्मास्त्र साबित हुए हैं। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम भी एक ऐसा ही हथियार है, जिसने बार-बार रूस को तंग किया है तो यूक्रेन की मदद की है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल मई की रात में को रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में किंजल हाइपरसोनिक मिसाइल से हमला किया था। हवा से प्रक्षेपित यह हथियार 7,700 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चलता है। ये मिसाइल तबाही मचा सकती थी लेकिन इससे एक महीने पहले अमेरिका ने यूक्रेन को एक पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली दे दी थी, जो उसे रूस की मिसाइलों से बचाने में मदद करे। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, पैट्रियट प्रणाली ने आने वाली मिसाइल को अवरुद्ध कर दिया, कई दूसरे हथियार भी इसने निष्क्रिय कर दिए। इसके बाद से पैट्रियट प्रणाली ने रूसी हथियारों की एक विस्तृत श्रृंखला को सफलतापूर्वक रोका है।

## विमानों को भी मार गिराया

कीव स्थित गैर सरकारी संगठन सेंटर फॉर मिलिट्री एंड लीगल स्टडीज के प्रमुख ऑलेक्जेंडर मुसिएन्को का कहना है कि इस सिस्टम ने 100 मील दूर उड़ रहे एसयू-34 लड़ाकू विमानों जैसे रूसी विमानों को मार गिराया है और 130 मील दूर तक मिसाइलों को रोका है। यूक्रेन में आरटीएक्स-निर्मित पैट्रियट प्रणाली की सफलता ऐसे समय आई है, जब अमेरिकी सेना का लक्ष्य पैट्रियट को एक एकीकृत वायु और मिसाइल रक्षा प्रणाली से बदलना है जो युद्ध के मैदान पर अन्य उपकरणों से जुड़ने में सक्षम हो और अधिक सक्षम रडार से सुसज्जित हो।

## दुनियाभर को किया आकर्षित

यूक्रेन में पैट्रियट प्रणाली के प्रभुत्व ने दुनियाभर के संभावित ग्राहकों को ध्यान आकर्षित किया है। जो कुछ समय पहले एक पुरानी प्रणाली की तरह दिखती थी वह अब एक वर्कहॉर्स प्रतीत होती है जिसका उपयोग आने वाले वर्षों में किया जा सकता है। यूरोप में अमेरिकी सेना की कमान संभालने वाले रिटायर जनरल बेन होजेस का कहना है कि पैट्रियट ने एक बहुत ही विश्वसनीय प्रणाली साबित की है। यूक्रेनियों ने बहुत जल्दी सीख लिया कि इसे कैसे चलाना है।

UN के प्रस्ताव युद्धविराम की मांग का किया समर्थन

# गाजा में नागरिकों की मौत की भारत ने की निंदा

## इजराइल-हमास संघर्ष से गहराया मानवीय संकट

एजेंसी | संयुक्त राष्ट्र



भारत ने गाजा में चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष के कारण उत्पन्न मानवीय संकट को बिल्कुल अस्वीकार्य बताया है। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव को सकारात्मक कदम बताया जिसमें रमजान के महीने में तत्काल युद्धविराम की मांग की गई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में विचार व्यक्त करते हुए भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि हम गाजा में चल रहे संघर्ष से बेहद परेशान हैं। रुचिरा कंबोज ने कहा कि इससे मानवीय संकट गहरा गया है और क्षेत्र व उसके बाहर अस्थिरता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 25 मार्च को एक प्रस्ताव को अपनाने को सकारात्मक कदम के रूप में देखता है। इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान गई है। उन्होंने कहा कि इससे उपजा मानवीय संकट पूरी तरह से अस्वीकार्य है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पिछले महीने अपनाए गए प्रस्ताव में रमजान के महीने के लिए तत्काल युद्धविराम की मांग की गई थी। इसका सभी पक्षों से सम्मान करने की बात कही गई थी, जिससे एक स्थायी युद्धविराम हो सके। कंबोज ने कहा कि आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों के विरुद्ध भारत का दीर्घकालिक और समझौता न करने वाला रुख रहा है, हम सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग करते हैं।

### फिलिस्तीन के लोगों को पहुंचाई मानवीय सहायता

रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराई और आगे भी करता रहेगा। हम इसके साथ पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल के निरीह नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा पर लंबे समय से प्रतीक्षित प्रस्ताव को लागू किया जाना चाहिए, विफलता अक्षम्य होगी।



### भूकंप से कांपा इंडोनेशिया

*जकार्ता। इंडोनेशिया के पूर्वी हिस्से में 6.6 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। यह जानकारी मंगलवार को यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे की ओर से दी गई। इस बीच,एक रिपोर्ट में बताया गया कि वहां के पूर्वी प्रांत पश्चिमी पापुआ में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। इंडोनेशिया की जियोफिजिक्स एजेंसी ने शुरुआत में भूकंप की तीव्रता 6.1 बताई थी पर बाद में उसे संशोधित किया गया। एजेंसी ने बताया, भूकंप का केंद्र रानसिकी शहर से 46 किमी दक्षिणपूर्व में और समुद्र तल से 11 किमी की गहराई में स्थित था।*

जेल में शान से जी रहे पाकिस्तान के पूर्व पीएम

# इमरान पर हर माह 12 लाख हो रहे खर्च

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सुरक्षा को लेकर जेल अधिकारियों ने बड़ा खुलासा किया है। रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद इमरान खान की सुरक्षा पर लगभग 1.2 मिलियन यानी 12 लाख रुपए से अधिक का भारी मासिक बिल खर्च हो रहा है। जेल अधीक्षक द्वारा लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) को एक रिपोर्ट सौंपी गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, जेल परिसर के भीतर 71 वर्षीय इमरान खान को कई विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इसमें 50 हजार रुपए का एक अलग सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल किया गया है, जो 7 हजार अन्य कैदियों की निगरानी करता है।



### सुरक्षा में 15 सुरक्षाकर्मी

बता दें कि अदियाला जेल आम तौर पर प्रत्येक दस कैदियों के लिए एक कर्मी नियुक्त किया जाता है। लेकिन, खान की सुरक्षा में 15 कर्मी शामिल हैं, जिनमें दो सुरक्षा अधिकारी और तीन उनकी निजी सुरक्षा हैं। इसके अलावा, जेल परिसर के भीतर मनोरंजन के लिए व्यायाम मशीन से लेकर कई बड़े अन्य व्यवस्था शामिल किए गए है। आगंतुकों के लिए सख्त नियम लागू किए गए हैं। वहीं, अदालती कार्यवाही के दौरान व्यापक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए जाते हैं।

### अलग से रसोईघर

इमरान खान का खाना सहायक अधीक्षक की निगरानी में एक अलग से स्वच्छ रसोईघर में तैयार किया जाता है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, खान को खाना परोसने से पहले एक चिकित्सा अधिकारी या उपाधीक्षक द्वारा उसका निरीक्षण किया जाता है। पूर्व प्रधान मंत्री को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए होली फैमिली अस्पताल के छह से अधिक डॉक्टरों की एक टीम तैनात है, साथ ही अतिरिक्त विशेषज्ञ टीमें नियमित जांच करती है। इमरान खान को कुल 7 सेल अलॉट किए गए है, जिसमें से 2 में वह रहते है। बाकी बचे 5 को सुरक्षा कारणों से बंद रखा गया है। आमतौर पर, इन सेल में 35 कैदियों को रखा जाता है। खान की सेल में ऐसे ही कोई नहीं जा सकता है। वहां काफी सख्त प्रतिबंध लगे हुए है। अगर खान से मिलना है तो उसके लिए परमिशन लेना बेहद जरूरी होती है। इस सेल की सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित कर्मियों को नियुक्त किया गया है।

अमेरिका: बीते महीने लापता हुआ मोहम्मद अरफात का मिला शव

# एक और भारतीय छात्र की मौत

एजेंसी | बीजिंग

न्यूयॉर्क। पिछले महीने से लापता 25 वर्षीय भारतीय छात्र को अमेरिकी शहर क्लीवलैंड में मृत पाया गया है। यह एक सप्ताह के अंदर दूसरी मौत है। हैदराबाद के नाचाराम के रहने वाले मोहम्मद अब्दुल अरफात पिछले साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर्स करने के लिए अमेरिका पहुंचे थे। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह जानकर दुख हुआ कि मोहम्मद अब्दुल अरफात, जिनके लिए खोज अभियान चल रहा था, क्लीवलैंड, ओहियो में मृत पाए गए। अरफात के परिवार के प्रति "गहरी संवेदना" व्यक्त करते हुए, वाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह उनकी मौत की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय एजेंसियों के संपर्क में है। वाणिज्य दूतावास ने कहा, हम उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए शोक संतप्त परिवार को हर संभव सहायता दे रहे हैं। पिछले महीने, वाणिज्य दूतावास ने कहा था कि वह भारतीय छात्र का पता लगाने के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl